www.epaper.azadsipahi.in
15 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 353



झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, वोट भाजपा को और चोट झामुमो को दें : बाबूलाल मरांडी

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN

Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## नगर निकाय चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण की मंजूरी

# सारंडा वन क्षेत्र का 314 वर्ग किलोमीटर अभ्यारण बनेगा

- कैबिनेट में सारंडा अभ्यारण मामला पर हुई चर्चा, 24 प्रस्तावों को दी मंजूरी
- अस्पतालों के लिए 207 एडवांस एंबुलेंस खरीदे जायेंगे
- विवि के कर्मी पूरी सेवा में 730 दिन चाइल्ड केयर लीव ले सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार कैबिनेट की बैठक में सारंडा वन क्षेत्र को अभ्यारण घोषित करने संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा हुई। कैबिनेट ने 314 वर्ग किलोमीटर अभ्यारण बनाने पर सहमति बनी। इसके साथ ही एक किलोमीटर सेंसिटिव जोन होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सारंडा अभ्यारण मामला पर चर्चा समेत 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें राज्य में नगर निकाय चुनाव ट्रिपल टेस्ट के आधार पर कराने, राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता 55-से 58 फीसदी करने, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में चाइल्ड केयर लीव देने समेत अन्य प्रस्ताव शामिल हैं।

**राज्य में नगर निकाय चुनाव ट्रिपल टेस्ट के आधार पर होगा:** कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए नगर निकाय चुनावों में आरक्षण की नयी व्यवस्था लागू की मंजूरी दी। अब नगर निकायों की 36 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए तथा 14 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित होंगी। यानी कुल 50 प्रतिशत तक आरक्षण की व्यवस्था होगी।

### सारंडा के लोगों के हितों की रक्षा प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रोजेक्ट भवन में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सारंडा को लेकर सर्वोच्च न्यायलय में बुधवार को जावाब दाखिल करना है। इस पर कैबिनेट में चर्चा हुई। इस पर सहमति बनी कि सबसे पहले सारंडा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के हितों की रक्षा की जायेगी। जल-जंगल-जमीन को लेकर वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ अन्याय न हो। वे जगांल से बाहर नहीं निकाले जायें। इस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिकार कानून भी संरक्षित रहे। केंद्र और राज्य सरकार की जो योजनाएं हैं, उनका लाभ वन में रहने वाले लोगों को मिले। वह सामाजिक-आर्थिक रूप से विकास करें। जो वर्षों से सारंडा वन क्षेत्र में रह रहे



हैं, जिस तरह से वे जीवन-यापन करते रहे हैं, उसमें कोई बाधा नहीं आये, यह सरकार की प्राथमिकता होगी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्रति माह दी जाने वाली राशि को 2000 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये की मंजूरी।
- अस्पतालों के लिए 207 एडवांस एंबुलेंस खरीदे जायेंगे।
- सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें देने के लिए जीटीसी के तहत टेंडर की मंजूरी।
- राज्य सरकार ने 480 सरकारी स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित करने की अनुमति दी है।

### सरकारी कर्मियों और पेंशनभोगियों का डीए बढ़ा

राज्य के 7वें वेतनमान प्राप्त सरकारी कर्मियों और पेंशनधारियों को 1 जुलाई 2025 से तीन फीसदी डीए बढ़ाने की मंजूरी दी गयी। अब 55 की बजाय 58 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जायेगा। सरकारी विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित करने की मंजूरी भी दी गयी।

### पूरी सेवा में 730 दिन चाइल्ड केयर लीव ले सकेंगे

राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मियों के लिए चाइल्ड केयर लीव मिलेगा। नयी व्यवस्था के तहत अब न केवल महिला कर्मी, बल्कि एकल पुरुष कर्मचारी भी अपने सेवा अवधि के दौरान 730 दिनों की चाइल्ड केयर लीव का लाभ उठा सकेंगे। यह कदम राज्य सरकार की ओर से शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के पारिवारिक जीवन में संतुलन लाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,

डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

# गढ़वा में प्रधानाध्यापिका की पिटाई से छात्रा की मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के बड़गड़ हाइ स्कूल की छात्रा दिव्या कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। दिव्या बड़गड़ निवासी संजय गुप्ता की पुत्री थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 सितंबर को दिव्या कुमारी विद्यालय गयी थी। इसी दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज ने किसी बात को लेकर उसकी पिटाई कर दी। पिटाई के बाद छात्रा सदमे में चली गयी और उसकी तबीयत



छात्रा दिव्या कुमारी

बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर रांची रिम्स रेफर किया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह छात्रा ने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गुस्साये लोगों ने शव को रखकर बड़गड़-भंडरिया मुख्य मार्ग पर टायर जलाकर सड़क जाम कर दी। प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर भंडरिया बीडीओ अमित कुमार, सीओ राकेश भूषण सिंह और बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक मौर्य दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण प्रधानाध्यापिका की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मामले की जांच शुरू की गयी है।

## शराब घोटाला: एसीबी ने सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुंबई और गुजरात से हुई गिरफ्तारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की गयी है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें महेश सीडगे, जगन देसाई, कमल देसाई, शीतल देसाई और बिपिन परमार समेत अन्य शामिल हैं। ये विजन और मार्शल कंपनी के अधिकारी हैं। यह दोनों वही कंपनियां हैं, जिनकी बैंक गारंटी फर्जी पायी गयी थी। एसीबी ने यह गिरफ्तारी मुंबई और गुजरात से की है। एजेंसी ने इन सात आरोपियों के विरुद्ध पिछले महीने ही कोर्ट से वारंट लिया था। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची आ रही है, जहां उन्हें एसीबी की विशेष कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। बताते चलें कि इस मामले में एसीबी ने अब तक राज्य के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी विनय चौबे, छत्तीसगढ़ के बड़े कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया, आइएएस अधिकारी अमित प्रकाश और प्रिज्म होलोग्राफी के डायरेक्टर विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया। हालांकि समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने से सभी आरोपियों को लाभ मिला और उन्हें बेल मिल गयी। एसीबी ने शराब घोटाला केस में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है।

### सारंडा में अभयारण्य आदेश के विरोध में सड़क पर उतरा जनसैलाब

**चाईबासा/चक्रधरपुर।** सारंडा को अभयारण्य घोषित करने के आदेश को वापस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को सारंडा क्षेत्र में विशाल जनरैली निकाली गयी। रैली में दर्जनों गांवों के लोग शामिल हुए और 'हमारा हक, हमारा अधिकार' के नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों का कहना था कि सारंडा का जंगल केवल उनका घर नहीं, बल्कि आजीविका का प्रमुख साधन है। वे पीढ़ियों से इस जंगल की रक्षा करते आए हैं और यही जंगल उनकी जीवनरेखा है। ग्रामीणों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार से अपील की कि अभयारण्य घोषित करने का निर्णय वापस लिया जाये, ताकि उनकी रोजी-रोटी पर संकट न आये। रैली में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस लड़ाई को उच्चतम न्यायालय में सारंडा वासियों के हक की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं, उस संघर्ष में पूरा कोल्हान और सारंडा क्षेत्र एकजुट है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस इलाके की सामाजिक और आर्थिक वास्तविकता को समझते हुए निर्णय लेना चाहिये। स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी आश्वासन दिया कि सारंडा जंगल क्षेत्र में रह रहे लोगों के अधिकारों और अस्तित्व पर किसी भी प्रकार की आँच नहीं आने दी जायेगी। रैली के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग भी मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में जनसंगठन और ग्राम समितियों ने इस आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान किया है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बिहार चुनाव: भाजपा ने जारी की 71 उम्मीदवारों की लिस्ट

- दोनों डिप्टी सीएम समेत 13 मंत्री लड़ेंगे चुनाव
- 46 विधायकों को फिर से मिला मौका, विधानसभा अध्यक्ष का टिकट कटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को तारापुर से और विजय सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया है। नंदकिशोर पांच बार से पटना सिटी से जीतते आ रहे हैं। उनकी जगह पर भाजपा नेता और हाइकोर्ट के वकील रत्नेश कुशवाहा को उतारा है। कुम्हरार से पांच बार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा का भी टिकट कटा है। इनकी जगह संजय गुप्ता को मौका मिला है। संजय पार्टी में प्रदेश महामंत्री भी रह चुके हैं। सूची में 13 मंत्रियों और 9 महिलाओं के भी नाम हैं। भाजपा के इन 71 सीटों पर पार्टी के 56 विधायक थे। इनमें से 46 को फिर से मौका दिया गया है। वहीं, 10 के टिकट कटे हैं। इस बार भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 71 के नाम सामने आ गये हैं। अब 30 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान बाकी है। बताते चलें कि बिहार में 6 और 11 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 14 नवंबर को आयेगा।

### चिराग के खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करूंगा: मांझी

पटना (आजाद सिपाही)। एनडीए में सीट शेयरिंग हो गयी है। बावजूद इसके गठबंधन में खींचतान जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी के बीच जीतन राम मांझी भी उनके समर्थन में आ गये हैं। मांझी ने कहा है कि मैं भी गया में दो सीटों (बोधगया और मखदुमपुर) पर अपने उम्मीदवार को सिंबल दूंगा। ये दोनों सीटें चिराग पासवान के खाते में हैं। वहीं, कहलगांव सीट को लेकर भागलपुर सांसद ने विरोध जताते हुए अपना इस्तीफा नीतीश कुमार को भेजा था, जिसके बाद भाजपा ने यह सीट छोड़ दी है। इसके साथ ही काराकाट सीट भी भाजपा ने जदयू के लिए छोड़ी है। यानी कहलगांव और काराकाट दोनों सीटें अब जदयू खाते में हैं। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार 9 सीटों के बंटवारे से नाराज बताये जा रहे हैं। जदयू ने इन सीटों पर भाजपा से फिर विचार करने की मांग की है। सोनबरसा सीट का मामला सुर्खियों में है। यहां से जदयू विधायक और मंत्री रत्नेश सदा को पार्टी ने दोबारा टिकट दिया है, जबकि इस सीट को पहले एनडीए की साझा लिस्ट में एलजेपी (आर) के खाते में बताया जा रहा था। नीतीश कुमार ने सोमवार को खुद रत्नेश सदा को पार्टी सिंबल देकर यह साफ संदेश दिया कि जदयू अपने निर्णयों पर अडिग है। इस बीच नीतीश कुमार ने अपने आवास पर संजय झा, ललन सिंह और विजय चौधरी के साथ बैछक की। उनसे विवाद पर फीडबैक लिया। उन्होंने भाजपा के सीनियर लीडर से बात करके इस जल्द सुलझाने को कहा है।

प्रथम पुण्यतिथि

स्व. प्रो. गंगा प्रसाद
बिरसा कॉलेज, खूंटी
पूर्व प्राचार्य
जन्मतिथि : 30 जून 1930 - 15 अक्टूबर 2024
न जायते म्रियते वा कदाचिन् नायं भूत्वा भाविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।
ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे।
आप जैसे अलौकिक ज्योर्तिपुंज को हम सबका अश्रुपूरित शत्-शत् नमन।
विनम्र श्रद्धांजलि
आपकी याद में
मुकुल कुमार (पुत्र)
एवं समस्त परिवार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# सारंडा से जुड़ा है झारखंड का आर्थिक और सामाजिक विकास

## ■ पूरे क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने से राज्य को हो सकता था बड़ा नुकसान
## ■ 314 वर्ग किलोमीटर पर अभयारण्य घोषित कर हेमंत सरकार ने निकाला बीच का रास्ता
## ■ सियासी रूप से भी हेमंत सोरेन सरकार ने एक बार फिर मार ली बाजी

**सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने के मुद्दे पर झारखंड सरकार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने ने सारंडा के 31,468.25 हेक्टेयर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने की अनुमति दे दी है, जो झारखंड सरकार पहले से कहती रही है। इस तरह देखा जाये, तो झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार का इस मामले पर उठाया गया स्टैंड सुप्रीम कोर्ट में सही साबित हो गया है। अब राज्य कैबिनेट ने सारंडा के 314 वर्ग किमी क्षेत्र को अभयारण्य और एक वर्ग किमी को संवेदनशील इलाका घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दरअसल, सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने का यह मामला झारखंड के आर्थिक और सामाजिक विकास से जुड़ा हुआ है। सारंडा इलाके में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता का लौह अयस्क पाया जाता है और झारखंड की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस खनिज की रॉयल्टी से पूरा होता है। सारंडा की लौह अयस्क की खदानों पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं। यदि पूरा सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित कर दिया जाता है, तो इलाके में खनन कार्य बंद हो जायेंगे और लौह अयस्क का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जायेगा। इतना ही नहीं, सारंडा इलाके में रहनेवाले करीब 66 गांवों के लोगों का जीवन भी कई तरह की समस्याओं से घिर जायेगा, क्योंकि उनकी आजीविका इसी जंगल से चलती है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने झारखंड के हितों की रक्षा की है और सारंडा के एक हिस्से को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने झारखंड के विकास को ध्यान में रखा है। क्या है सारंडा वन्य जीव अभयारण्य का पूरा विवाद और क्या हैं इसके नफा-नुकसान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
संपादक

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि उसका फैसला राज्य के हितों को ध्यान में रख कर होता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने के मामले में दिया गया फैसला झारखंड सरकार के फैसले पर मुहर लगाता है। सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस इलाके के 31468.25 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्य जीव अभयारण्य घोषित किया जा सकता है। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया है कि सेल और अन्य वैध माइनिंग लीज वाले इलाकों को अभयारण्य के प्रभाव क्षेत्र से बाहर रखा जायेगा। झारखंड सरकार ने अदालत में जो शपथ पत्र दिया है, उसमें उसने कहा है कि वह सारंडा के 31468.25 हेक्टेयर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने के लिए तैयार है। हेमंत सोरेन सरकार ने मंत्रियों के समूह की सिफारिश पर 314 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित कर दिया है और एक वर्ग किमी को संवेदनशील क्षेत्र बनाया गया है। हेमंत सोरेन सरकार का यह बीच का रास्ता उसकी सियासी समझदारी का प्रतीक है।

### पूरा मामला राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) से जुड़ा हुआ है

यह पूरा मामला राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) से जुड़ा हुआ है। एनजीटी ने 12 जुलाई, 2022 को एक आदेश दिया था, जिसमें कहा गया था कि सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित किया जाये। एनजीटी ने सारंडा के चार सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ही अभयारण्य बनाने का निर्देश दिया था। जब राज्य सरकार की ओर से इस निर्देश का पालन नहीं किया गया, तब मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को हलफनामा दायर करने को कहा। इसके बाद 29 अप्रैल को सरकार की ओर से हलफनामा दायर किया गया।

### झारखंड सरकार की दलील

झारखंड सरकार ने हलफनामे में वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा खान-भूतत्व और उद्योग विभाग से मंतव्यों को उद्धृत किया था। दोनों विभाग पूरे वन क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने के पक्ष में नहीं थे। इन विभागों का कहना था कि पूरे वन क्षेत्र को अभयारण्य बनाना राज्य के लिए नुकसानदेह होगा। बाद में झारखंड सरकार के वित्त विभाग ने भी इन दोनों विभागों की राय पर सहमति जतायी। उसने कहा कि ऐसा होने से खनन रॉयल्टी की संभावना भविष्य में और जटिल हो जायेगी। हलफनामा में बताया गया कि राज्य सरकार ने 31468.25 हेक्टेयर के एनजीटी के मूल प्रस्ताव की जगह 57519.41 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्य जीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करने का प्रस्ताव किया है। 13.06 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ससांगदाबुरु संरक्षित रिजर्व क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करने का प्रस्ताव है।

### उलझ गया था मामला

यह मामला उस समय झारखंड सरकार के खिलाफ चला गया, जब वन विभाग के सचिव ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया। वह हलफनामा पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सत्यजीत कुमार की ओर से तैयार प्रस्ताव था। पूर्व पीसीसीएफ द्वारा तैयार प्रस्ताव में कहा गया था कि पांच सौ वर्ग किलोमीटर को अभयारण्य घोषित किया जायेगा, जबकि एनजीटी ने केवल चार सौ वर्ग किलोमीटर को ही अभयारण्य बनाने को निर्देश दिया था। पूर्व पीसीसीएफ ने अपने इस प्रस्ताव को लेकर न तो सरकार से कोई मंतव्य लिया और न ही विभागीय सचिव को जानकारी दी। जब सरकार को इस बात की जानकारी हुई, तो खान विभाग ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि ऐसा करने से सारंडा क्षेत्र में चल रही लौह अयस्क परियोजनाएं प्रभावित हो जायेंगी। पूरे क्षेत्र में 90 से अधिक लौह अयस्क खदान हैं। इनमें करीब चार बिलियन टन का रिजर्व भी है। यहीं से यह मामला सरकार के खिलाफ चला गया।



### राज्य सरकार हुई एक्टिव

जब मामला सरकार के खिलाफ चला गया और सुप्रीम कोर्ट ने भी कड़ी टिप्पणी की, तब सरकार ने पांच सदस्यीय मंत्रियों के समूह का गठन किया। इसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की। अन्य मंत्रियों में दीपिका पांडेय सिंह, संजय प्रसाद यादव, सुदिव्य कुमार सोनू और दीपक बिरुआ शामिल थे। इस टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी, उसमें साफ कहा गया कि पूरे सारंडा को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने से झारखंड के सामाजिक और आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचेगा। इस समूह ने सारंडा इलाके में अवस्थित करीब 66 गांवों के लोगों से बातचीत की, जिन्होंने एक स्वर से वन्य जीव अभयारण्य बनाये जाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी आजीविका ही इस जंगल से चलती है और इसे यदि आरक्षित कर दिया गया, तो वे कहां जायेंगे।

### झारखंड को 14 लाख करोड़ का नुकसान

खान विभाग ने कहा है कि सारंडा वन क्षेत्र के करीब 26 फीसदी हिस्से में लौह अयस्क का भंडार है। यहां करीब 4700 मिलियन टन लौह अयस्क है, जिसकी कीमत 25 से 30 लाख करोड़ रुपये आंकी गयी है। इससे राज्य सरकार को करीब 14 लाख करोड़ रुपये की रॉयल्टी मिल सकती है। यदि इस क्षेत्र को अभयारण्य घोषित किया जाता है, तो खनन कार्य रुक जायेंगे। इससे खनिज की उपलब्धता पर असर पड़ेगा। राज्य में सालाना करीब 20 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन होता है। अभयारण्य घोषित होने से उत्पादन घटेगा। रॉयल्टी, सेस ओर डीएमएफटी के लिए होने वाले संग्रह में सालाना पांच से आठ हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

### उद्योग विभाग ने भी जतायी आपत्ति

उद्योग विभाग ने अपनी आपत्ति में कहा कि पूरे वन क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने से वर्ष 2030-31 तक तीन सौ मिलियन टन कच्चे इस्पात उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने में परेशानी होगी। सारंडा के लौह अयस्क भंडार से टाटा स्टील, सेल और निजी खनन कंपनियां चल रही हैं। इस क्षेत्र के खान एवं उद्योग से करीब 4.20 लाख लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। इलाके में दो हजार एमएसएमइ इकाइयां भी हैं। ऐसे प्रस्ताव से औद्योगिक विकास, राजस्व और रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। यहां से होने वाला 44 सौ करोड़ रुपये का निर्यात भी प्रभावित होगा।

### क्या कहा वित्त विभाग ने

इन दोनों विभागों की राय जानने के बाद वित्त विभाग ने लिखा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक की गयी। बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग और उद्योग विभाग ने आपत्तियां दर्ज की हैं। खान एवं भूतत्व विभाग ने धारण क्षमता के अध्ययन पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का विरोध किया है। इससे आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वित्त विभाग ने अपने मंतव्य में लिखा है कि तैयार प्रस्ताव स्वीकृत होने से खनन विभाग द्वारा संभावित खनन रॉयल्टी की संभावना भविष्य में और भी जटिल हो जायेगी। इस क्षेत्र में खनन कार्य नहीं होने से राजस्व प्राप्ति की संभावना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

### क्या कहा राजनीतिक दलों ने

सारंडा के मुद्दे पर इतना शोरगुल स्वाभाविक तौर पर सियासी हलकों में भी गूंजता रहा। सत्ताधारी झामुमो और सहयोगी दलों ने जहां सारंडा पर सरकार के फैसले का समर्थन किया, वहीं विरोधी दलों ने इसे लेकर सरकार को घेरा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने तो कह दिया कि ओड़िशा की इस्पात लॉबी ने यह पूरा विवाद खड़ा किया है।

झामुमो ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े साल के जंगल की रक्षा की जानी चाहिए और साथ ही जंगल में रहने वाले आदिवासी समुदायों के हितों की भी रक्षा की जानी चाहिए।

सारंडा में वन्य जीव अभयारण्य स्थापित करने और जन भावनाओं को ध्यान में रखने का निर्णय सरकार का है और कोई अन्य यह निर्णय नहीं ले सकता। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करनेवाले जदयू विधायक सरयू राय ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता जतायी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब झारखंड सरकार ने राहत की सांस ली है। सारंडा के एक इलाके को वन्य जीव अभयारण्य घोषित किये जाने में कोई नुकसान नहीं है, लेकिन यह ध्यान रखना होगा कि इससे राज्य के आर्थिक और सामाजिक हितों पर चोट नहीं पहुंचे।

### सारंडा को वन्य प्राणी अभयारण्य बनाने के खिलाफ आदिवासियों ने निकाली जन आक्रोश रैली

आदिवासी संगठनों ने कहा कि सारंडा जंगल को किसी भी कीमत पर वन्य प्राणी अभयारण्य घोषित नहीं होने दिया जायेगा। उनका कहना है कि सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से सारण्डा जंगल से हमारा अटूट सम्बंध है। इसी जंगल में हमारे तमाम देवस्थल, सरना, देशाउली, ससनदिरी, मसना आदि अवस्थित है। जिनसे हमारी विशिष्ट सामाजिक पहचान और अस्तित्व सुनिश्चित होती है।

---

# उद्घाटन की राह तकते-तकते खंडहर बने रातू प्रखंड में तीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन

- बनापीड़ी, जाड़ी और हुरहुरु में 12 साल पहले बनाये गये थे भवन
- प्रत्येक भवन पर 22 लाख रुपये की लागत आयी थी
- डॉक्टर और पारा मेडिकल कर्मी धुमकुड़िया भवन में मरीजों का इलाज करते हैं

मो. एजाज

**रातू (आजाद सिपाही)।** राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित रातू प्रखंड की तीन पंचायतों में बने उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन बेकार हो गये हैं। ये भवन बनापीड़ी,जाड़ीऔर हुरहुरी में 2013-14 में बनाये गये थे। इनमें से प्रत्येक पर 22 लाख रुपये खर्च हुए थे।

ये भवन अब खंडहर हो गये हैं। इन पंचायतों में आनेवाले डॉक्टर और पारा मेडिकल कर्मी धुमकुड़िया भवन में मरीजों का इलाज करते हैं।

### वर्ष 2013-14 में बने थे भवन

इन तीनों इमारतों का निर्माण जिला परिषद की तरफ से 2013-14 में कराया गया था। भवन का निर्माण हो गया और उन्हें विभाग को हैंडओवर भी कर दिया गया, लेकिन आज तक इनका ताला नहीं खोला गया है। पहले कहा जाता था कि इन भवनों का उद्घाटन होगा, लेकिन कुछ नहीं हुआ। बंद पड़े भवन में अब नशेड़ियों और जुआरियों का जमावड़ा लगता है।





### घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया

इन तीनों इमारतों की जर्जर हालत से साफ पता चलता है कि इनके निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। इसलिए महज 12 साल में इनकी दीवारें ढहने लगी हैं।

इमारतों के अधिकांश हिस्से में बड़ी-बड़ी दरारें देखी जा सकती हैं।

### उप स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी नहीं: सीएचसी प्रभारी

रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ सुजीत कश्यप ने बताया कि रातू, हुरहुरी और जाड़ी में बने उप स्वास्थ्य केंद्र की उन्हें कोई जानकारी नही है। उन्हें यह भी पता नहीं है कि तीन भवन बनाये गये और उन्हें विभाग ने हैंडओवर लिया। उन्होंने बताया कि हुरहुरी में उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने के कारण एक छोटे से धुमकुड़िया भवन में केंद्र संचालित करना पड़ रहा है, जबकि वहां पंचायत भवन के सामने ही उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन है।

---

# भाजपा में शामिल हुईं मैथिली ठाकुर अलीनगर से मिल सकता है टिकट

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** प्रसिद्ध लोक और भक्ति गायिका मैथिली ठाकुर ने राजनीति में एंट्री ले ली है। मंगलवार को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। बताया जा रहा है कि पार्टी उन्हें दरभंगा जिले की अलीनगर विधानसभा सीट से टिकट दे सकती है। पिछले कुछ दिनों से मैथिली ठाकुर के भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। पहले उन्हें बेनीपट्टी से टिकट मिलने का दावा किया जा रहा था, लेकिन पार्टी ने वहां निवर्तमान विधायक विनोद नारायण चौधरी को टिकट दिया है।

मैथिली ठाकुर ने भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली। उन्होंने कहा कि उनका चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है।



**कौन हैं मैथिली ठाकुर :** मैथिली ठाकुर का जन्म 25 जुलाई 2000 को बिहार के मधुबनी जिले में हुआ था। उनके पिता रमेश ठाकुर और माता भारती ठाकुर दिल्ली में रहते हैं, जो शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। गायिक का बचपन से ही संगीत के प्रति रुझान था। उन्होंने चार साल की उम्र से ही अपने दादा से संगीत सीखना शुरू किया और दस साल की उम्र तक जागरणों और स्थानीय संगीत समारोहों में कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने लगीं। आज गायिका अपने भाइयों के साथ मिलकर भक्ति गानों के साथ बिहार की लोक संस्कृति को भी गानों के जरिये बयां करती हैं। बीते दिनों मैथिली ठाकुर ने बीजेपी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की थी। इस मुलाकात की तस्वीर सामने आने के बाद बिहार के सियासी गलियारों में चर्चा गर्म हो गयी कि मैथिली बीजेपी से चुनावी मैदान में उतर सकती हैं। मैथिली के चुनाव लड़ने की चर्चाएं इसलिए भी हो रही हैं, क्योंकि उनके चुनावी मैदान में आने से वह महिला वोटरों को प्रभावित कर सकती हैं, क्योंकि उनकी लोकप्रियता बिहार में काफी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 19.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.45 बजे |



# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, वोट भाजपा को और चोट झामुमो को दें : बाबूलाल मरांडी

## मुसाबनी में मरांडी के साथ खूब गरजे सांसद विद्युत वरण महतो और अभय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला उप चुनाव को लेकर भाजपा मुसाबनी मंडल का बूथ सम्मेलन मोहनडेरा स्थित बंसती मंडप मैदान में आयोजित हुआ। मंडल अध्यक्ष जयंत घोष की अध्यक्षता में आयोजित इस बूथ सम्मेलन में मंडल के कुल 74 बूथों के बूथ कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि सासंद विद्युत वरण महतो, दुमका के पूर्व सासंद सुनील सोरेन, मझगांव के पूर्व विधायक बड़कुअर गगराई, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास, अभय सिंह और संभावित प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी का मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। मंच पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस चुनाव में जीत के पुरोधा हैं। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी को जिताया तो यह सरकार सीना चौड़ा कर राज्य की खनिज संपदा को लुटेरों के हाथों में लुटा देगी। यह सरकार अबुवा सरकार नहीं, बल्कि बाबुओं की सरकार है। यह सरकार काम करने वाली नहीं, बल्कि कमाने वाली सरकार। इस सरकार में सरकारी खजाना नहीं बल्कि नेता और भ्रष्ट अफसरों का खजाना भर रहा है, अपराध चरम पर है। इस उप चुनाव में आपका वोट सरकार तो नहीं बदलेगा, लेकिन भ्रष्ट सरकार की व्यवस्था को जरूर बदलेगा, वह जागेगी और चार साल संभल कर काम करेगी। यह बात बूथ कमेटी के हर पदाधिकारी और सदस्य अपने बूथ के वोटरों और सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को समझाएं। सांसद विद्युत वरण महतो ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके प्रयास से इस इलाके की बंद पड़ी माइंस खुल रही है, जल्द ही यहां रोजगार का सृजन होगा, हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में लीज 3 महीने में मिलता था, पंरतु इस सरकार में लीज मिलने में 11 साल लग जाते हैं। इस भ्रष्ट सरकार को इस चुनाव में एहसास दिलाने का मौका आपको मिला है। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भरपूर समर्थन करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश माझी, लखन मार्डी, दिनेश साव, रंगलाल महतो, हराधन सिंह, सुनीता देवदूत सोरेन, साकेत अग्रवाल, बिरमान लामा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुसाबनी में झामुमो का बूथ सम्मेलन

# सोमेश सोरेन ने दिलाया हर बूथ पर झामुमो को बढ़त दिलाने का संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय मुसाबनी में मंगलवार को मुसाबनी जॉन 3 के चार पंचायत मेडिया धोबनी, पूर्वी मुसाबनी, पश्चिमी मुसाबनी पंचायत के बूथ कमेटी का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन ने किया। सम्मेलन में चार पंचायतों के 21 बूथों के कार्यकर्ता, नेता, बूथ कमेटी के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष शामिल हुए। मुख्य अतिथि झामुमो नेता सोमेश सोरेन रहे। सम्मेलन की शुरूआत में दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमेश सोरेन ने कहा कि बूथ जीतने पर हम विधानसभा सीट जीतेंगे। यह बाबा रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि देने का चुनाव है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का चुनाव है। रामदास सोरेन घाटशिला विधानसभा को शिक्षा का हब बनाने के दिशा में काम कर रहे थे। मुसाबनी में डिग्री व इंजीनियरिंग कॉलेज निर्माण को प्रशस्त किया। मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनायें। मौके पर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के टिप्स दिये गये। उन्होंने बूथ कमेटी को पिछले बार से अधिक बढ़त बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर झामुमो नेता कान्हू सामंत, कालीपद गोराई, बाघराय मार्डी,सागेन पूर्ति,राम चंद्र मुर्मू, जगदीश भकत, काजल डॉन, सोमाय सोरेन, कान्हू टूडू, संजीवन पातर, पार्वती सिंह, मारिया दास, आदि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **तुला** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **वृश्चिक** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# यूनिटी मार्च सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत को समर्पित : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को भारत सरकार के युवा कार्य विभाग की अगुवाई में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सरदार @ 150 यूनिटी मार्च को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू समेत प्रदेश और जिला स्तर की टोली के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक शशांक राज ने किया। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि भारत सरकार की ओर से देश के महान सपूत, राष्ट्रीय एकता के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 'सरदार @ 150 यूनिटी मार्च, एक भारत-आत्मनिर्भर भारत' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह एक राष्ट्रव्यापी जन-अभियान है, जो सरदार पटेल की अमर विरासत को समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सरदार पटेल के एकीकृत भारत के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के मिशन को जोड़ते हुए जनभागीदारी के साथ राष्ट्रीय अभियान बनायेगी। आदित्य साहू ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के साथ आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि की दिशा में लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में पदयात्रा कार्यक्रम आगामी 31 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 नवंबर तक चलेगा। यह कोई दलीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन अभियान है, जिसमें हजारों लोग तिरंगा के साथ यात्रा में शामिल होंगे। हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिनों तक प्रतिदिन दिन 10-10 किलोमीटर की पदयात्रा होगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान, सामाजिक कल्याण के कार्य, नशा मुक्ति अभियान, योग स्वास्थ्य शिविर, युवा संपर्क अभियान, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। कार्यक्रमों का सफल संचालन सांसद के नेतृत्व में माई भारत, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस जैसे संगठन करेंगे। यात्रा के पड़ाव बिंदुओं पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। साहू ने इस मौके पर राज्य की जनता विशेषकर कर युवाओं से पदयात्रा कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि यह ऐतिहासिक कार्यक्रम देश की युवा पीढ़ी को नयी प्रेरणा देगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर यात्रा के चार प्रवाह होंगे। पहली गंगा प्रवाह, जो दिल्ली से प्रारंभ होगी, दूसरी यमुना प्रवाह जो जयपुर से प्रारंभ होगी, तीसरा नर्मदा प्रवाह जो नागपुर से प्रारंभ होगी और चौथी गोदावरी प्रवाह जो मुंबई से प्रारंभ होगी। ये सभी प्रवाह आनंद में मिलेंगे और फिर सभी यात्राएं केवड़िया, जिसे एकता नगर के रूप में जाना जाता है, वहां पहुंचकर संपन्न होंगी, जहां स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड के सभी जिलों से भी चयनित पांच-पांच लोग इस राष्ट्रीय यात्रा के शामिल होंगे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक मौजूद थे।

# चाइबासा में नक्सलियों ने मोबाइल टावर में लगायी आग, धमाकों से गूंजा इलाका

आजाद सिपाही संवाददाता




**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सीमावर्ती इलाकों में नक्सलियों की गतिविधियां एक बार फिर तेज हो गयी हैं। बीती रात मध्यरात्रि को सारंडा में भाकपा (माओवादी) नक्सलियों ने छोटानागरा थाना क्षेत्र के बहदा गांव स्थित एयरटेल मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार करीब दर्जनभर हथियारबंद नक्सली देर रात अचानक गांव पहुंचे और ग्रामीणों को घरों में बंद रहने की चेतावनी दी। इसके बाद उन्होंने टावर पर लगे पैनल और बैटरी उपकरणों में आग लगा दी। कुछ ही मिनटों में टावर धधक उठा और पूरे इलाके में लपटें दिखने लगीं। आग लगने के बाद टावर के उपकरणों के जलने और फटने से रह-रहकर तेज आवाजें आती रहीं। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब एक बजे तक पूरे क्षेत्र में धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दे रही थीं। टावर के चारों ओर धुआं फैल गया और बिजली की तारें जलकर टूट गयीं। इस वारदात के बाद ग्रामीण पूरी रात भय के साये में रहे और किसी ने अपने घरों से बाहर झांकने की हिम्मत तक नहीं की। नक्सलियों ने इस हमले को ऑपरेशन कगार के विरोध में बताया है। इधर, पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। घटना स्थल पर नक्सलियों ने कई पोस्टर और पर्चे भी छोड़े हैं, जिनमें उन्होंने अपने मारे गये साथियों का बदला लेने की चेतावनी दी है। पोस्टर में ऑपरेशन कगार के विरोध में 8 से 14 अक्टूबर तक प्रतिशोध सप्ताह और 15 अक्टूबर को झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में घटना करने का आह्वान किया गया है। पोस्टर में साफ लिखा गया है कि पुलिस हमारे साथियों का खून बहा रही है, अब बदला उसी अंदाज में लिया जायेगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# झारखंड में एसआइआर की तैयारी में जुटा चुनाव आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर की गयी प्रारंभिक तैयारी को लेकर मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी जिलों के इआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान ऑनलाइन जुड़े सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के पूर्व की तैयारियों में वर्तमान मतदाता सूची से लेकर 2003 के मतदाता सूची के मैपिंग की प्रक्रिया को त्रुटि रहित करें। **एसआइआर के दौरान रखना होगा इन बातों का खास ध्यान :** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम राज्य में जल्द ही शुरू होने वाला है। ऐसे में कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें हर मतदाता को अपनी प्रमाणिकता साबित करते समय ध्यान रखना होगा। 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे मतदाता को अपनी जन्म तिथि या स्थान की सत्यता स्थापित करने के लिए केवल अपना एक वैध दस्तावेज देना होगा। यदि 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम है तो बीएलओ द्वारा इसका विवरण इन्यूम्यूरेशन फॉर्म के साथ उपलब्ध करा दिया जायेगा। 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे मतदाता को अपने दस्तांवेज के साथ-साथ अपने माता-पिता में से किसी एक का वैध दस्तावेज जमा करना होगा। यदि 2003 की मतदाता सूची में उनका या उनके माता-पिता का नाम है तो बीएलओ द्वारा इसका विवरण इन्यूम्यूरेशन फॉर्म के साथ उपलब्ध करा दिया जायेगा। समीक्षा बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सभी जिलों के इआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एसआइआर को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की मैपिंग के क्रम में वैसे मतदाता जिनका 2003 के वोटर लिस्ट में नाम है, उन्हें इन्यूम्यूरेशन फॉर्म देते समय बीएलओ द्वारा पुराने मतदाता सूची में दर्ज मतदाता का विवरण उपलब्ध करा दिया जाये। वैसे मतदाता जिनका नाम 2003 में अन्य राज्य के मतदाता सूची में है, वे अपना विवरण संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ऑफिसियल वेबसाइट से डॉउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए भी मतदाताओं को जागरूक करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वैसे मतदाता जिनका 2003 के वोटर लिस्ट में नाम नहीं है, लेकिन उनके माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है। ऐसे मतदाताओं को बीएलओ द्वारा उनके माता-पिता का विवरण 2003 की मतदाता सूची से निकालकर इन्यूम्यूरेशन फॉर्म के साथ उपलब्ध कराने हेतु भी 2003 के मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं द्वारा इन्यूम्यूरेशन फॉर्म भरने के समय जन्म तिथि या जन्म स्थान प्रमाणित करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेजों के बारे में बताया गया है।

## नगर निकाय चुनाव: झारखंड हाइकोर्ट का सख्त रुख

# तीन महीने की मोहलत की मांग को अस्वीकृत किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नगर निकाय चुनाव को लेकर हो रही देरी पर झारखंड हाइकोर्ट का सख्त रुख देखने को मिला है।

हाइकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कराने के लिए कम से कम तीन माह के समय की मांग को अस्वीकृत करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 10 नवंबर निर्धारित कर दी है। कोर्ट ने कम से कम समय सीमा के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। उक्त जानकारी झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है।

**10 नवंबर की सुनवाई के दिन उपस्थिति जरूरी :** सुनवाई के दौरान मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से हाइकोर्ट के समक्ष सील्ड कवर में अपनी रिपोर्ट को पेश किया गया। लेकिन कोर्ट ने अगली सुनवाई के दौरान पेश करने का निर्देश देते हुए रिपोर्ट को बिना खोले हुए वापस कर दिया। दरअसल, कैबिनेट की बैठक निर्धारित होने के कारण राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास सचिव के सशरीर उपस्थित होने के बाद महाधिवक्ता राजीव रंजन के आग्रह पर सभी अधिकारियों को कैबिनेट की बैठक में जाने की छूट दी गयी।

सभी अधिकारी 10 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहेंगे। दरअसल, 10 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव नहीं कराये जाने पर सख्त रुख अपनाते हुए आदेश की अवमानना करने वाले अधिकारियों पर चार्ज फ्रेम करने का आदेश दिया था। उक्त जानकारी अधिवक्ता विनोद सिंह ने दी थी। इसी आधार पर कोर्ट ने ऐसे सभी अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किया था। बता दें कि रौशनी खलखो और अन्य की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई थी।

# संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना लक्ष्य : डॉ कुमार राजा

## रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस भवन, रांची में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व मंत्री सह विधायक प्रदीप यादव, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, आलोक दुबे, प्रदेश सचिव अमरेंदर सिंह, शाहबाज अहमद सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। केशव महतो कमलेश ने कहा कि डॉ कुमार राजा एक ऊजार्वान और समर्पित संगठनकर्ता हैं।

संगठन ने उन पर दोबारा भरोसा जताया है, यह उनके पिछले कार्यकाल की सफलता का प्रमाण है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में रांची महानगर कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा जनता के मुद्दों को मजबूती से उठायेगी। वहीं, डॉ कुमार राजा ने प्रदेश नेतृत्व और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस नेतृत्व का हृदय से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर पुनः भरोसा जताया। संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना और जनता के विश्वास को मजबूत करना मेरा प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। मैं सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कांग्रेस के जनाधार को और विस्तारित करने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ कुमार राजा का फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

इस मौके पर रांची महानगर कांग्रेस के जॉय चक्रवर्ती, सभी प्रखंड अध्यक्ष कुमार कौशल गांधी, अंकित सिंह, ओवैस अंसारी, युसूफ , रांची महानगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव सिंह, विक्की ठाकुर, सारीक अहमद सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## कन्या मध्य विद्यालय में बच्ची जली




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पंचायत के राज्यकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय में रसोइया की लापरवाही से दूसरे वर्ग में पढ़ने वाली छात्रा बुरी तरह से जल कर घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रसोइया के द्वारा मध्यान्ह भोजन का चावल पकाया गया, और बचे हुए पानी को एक टब में रखा गया था, जिसमें गिरने से छात्रा मन्नू कुमारी पिता संजय कुमार उम्र करीब 7-8 वर्ष कमर के नीचे से और दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गयी। इस घटना की सूचना पाकर बीआरपी कुणाल चौरसिया, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुन्दन शर्मा और विद्यालय की शिक्षिका सरस्वती देवी ने घायल छात्रा को तत्काल अपनी स्कूटी में लादकर विष्णुगढ़ सीएचसी ले गयी। वहां तत्काल डॉ विनय पांडेय ने प्राथमिक उपचार किया। इस संबंध में पूछे जाने पर विष्णुगढ़ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि लापरवाही की सजा जरूर मिलेगी और अभी फिलहाल छोटी सी बच्ची की बात है, जिसके उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिये मैं पूरी तरह से तैयार हूं, इस घटना पर मेरी नजर बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि दीपू अकेला ने कहा कि सर्वप्रथम इस नन्ही सी बच्ची का इलाज बेहतर हो इसकी व्यवस्था हो, इसके उपरांत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हो जिससे आगे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। विद्यालय में इसके पूर्व भी छात्राओ के साथ घटना घट चुकी है। कुत्ते विद्यालय में बेखौफ विचरण करते है, एक छात्रा का दुपट्टा कुत्ते ने पकड़ लिया था, इस घटना में छात्रा की गला दब गया था, बच्ची इस घटना में बाल-बाल बची। विष्णुगढ़ मुखिया पूनम कुमारी दास ने कहा कि आगे से ऐसी लापरवाही की घटना ना हो इसके लिए कल विद्यालय प्रबंधन की बैठक की जानी चाहिए। उप-मुखिया ने कहा लापरवाही से हीं सही पर यह घटना माफी योग्य नही है,संलिप्त लोगो पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय सेठ के नेतृत्व में मंगलवार को नगर परिषद झुमरी तिलैया क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 18 इमाम क्लिनिक परिसर में पार्टी के देशव्यापी कार्यक्रम वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 16 ,17, 18 और 25 के कार्यकर्ताओं ने अपना अपना हस्ताक्षर कर देश में वोट के अधिकार के प्रति अपने आवाज को बुलंद किया। संचालन नेता सऊद खान ने किया। मौके पर पार्टी के प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू, डॉ एस अली इमाम, मो गुलाम, मो जहीरूद्दीन, रोशन खान, सोनू केसरी, तैयब वारसी, मो नौशाद, मो जमाल, शिव शंकर पासवान, निसार खान, नीरज कुमार, अजय विश्वकर्मा, राजू कुमार आदि उपस्थित रहे। नगर अध्यक्ष सेठ ने कहा कि जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक के निर्देशानुसार इन सभी वार्डों का सघन दौरा कर पार्ट के इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाना है। पार्टी सहित आमजनों से अधिक से अधिक हस्ताक्षर करवा कर लोकतंत्र में वोट के अधिकार के प्रति आमजन को जागरूक करना है।

## संविधान निर्माता बाबा साहेब ने देश को अच्छे संविधान और वोट के अधिकार दिये: प्रकाश



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ढाब पंचायत भवन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक के नेतृत्व में वोट चोर गदी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जोरो से चलाया गया। इस दौरान पंचायत भवन में मुखिया बैजू तुरी की अध्यक्षता में गोष्ठी की गयी। जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश को अच्छा संविधान और वोट का अधिकार दिये। वह वोट का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस खत्म कर देश में राजतंत्र लाना चाहती है। यह कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हस्ताक्षर अभियान चलाकर पूरे देश में विरोध दर्ज किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुखिया बैजू तुरी, कृष्ण कुमार, रामेश्वर यादव, विमला देवी, मालती देवी आदि मौजूद थे।

## सड़क के बीच खड़ा बिजली पोल से हादसे का खतरा, विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** +2हाई स्कूल बरकट्ठा के बगल में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास एक नयी सड़क का निर्माण कर कालीकरण का कार्य पूरा कर दिया गया है। यह सड़क हाई स्कूल से सलैया से पंचफेड़ी होते 'हुए तिलैया मार्ग को जोड़ती है। इस रास्ते पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में वाहनों और लोगों की आवाजाही होती है। लेकिन विभागीय लापरवाही साफ झलकती है। सड़क के बीचो-बीच बिजली का पोल जस का तस खड़ा छोड़ दिया गया है और बिना हटाये ही सड़क बना दी गयी है। हाइवे से सटी इस सड़क पर बीच में खड़ी पोल किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। विदित हो सड़क के ठीक बगल में एक बड़ा खल मैदान भी है, जहां 4 बजे सुबह होते ही स्थानीय युवक, बच्चे और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यह पोल न केवल वाहनों के लिए बल्कि मैदान आने-जाने वाले लोगों के लिए भी बड़ा खतरा बना हुआ है। गौर करने वाली बात यह है कि अब तक न तो बिजली विभाग और न ही सड़क निर्माण एजेंसी की ओर से इस पोल को हटाने की कोई पहल की गयी है। लेकिन लोगों के बीच इस मुदे को लेकर चर्चा जरूर है। इस सड़क विभागीय जेई रत्नेश कुमार ने बताया कि विभाग में सड़क निर्माण के दौरान बिजली पोल हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इस काम को बिजली विभाग के द्वारा ही किया जाना है।

## छठ पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के बादम गांव में दुर्गा मंदिर प्रांगण में छठ पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक विशेष बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता जितेंद्र कुमार, सहयोगी विक्रम प्रसाद गुप्ता, उमाशंकर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही छठ घाट को साफ-सफाई और सजा की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रेम गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सोनू सिंह, आदित्य गुप्ता, गोलू गुप्ता, त्रिदेव कुमार, अंकित गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, राज गुप्ता, आकाश पांडे, गोलू गुप्ता सहित कई लोग शामिल थें।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान विषय पर सम्मेलन का आयोजन

# स्वदेशी और स्वावलंबन को जन-जन का आंदोलन बनाना होगा : रघुवर दास

**भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने के लिए स्वदेशी अपनाना जरूरी : रघुवर दास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आत्मनिर्भर भारत अभियान, विषय पर, हजारीबाग विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन विधायक प्रदीप प्रसाद के विधायक सेवा कार्यालय में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता और धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री और कार्यक्रम के जिला संयोजक जय नारायण प्रसाद द्वारा की गयी। सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड-सरकार और पूर्व राज्यपाल उड़ीसा और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजुर उपस्थित हुए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरुआत की गयी। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर की गयी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने रघुवर दास को अंग वस्त्र और गद्दा भेंट किया। रघुवर दास ने अपने संबोधन में कहा की, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। आगे इन्होंने कहा की स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देने, आयात कम करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य है, भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना। जिसके तहत स्थानीय उद्योगों, डिजिटल नवाचारों और उद्यमिता को बढ़ावा देकर, प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना है। जिससे विदेशी स्त्रोतों पर निर्भरता कम हो सके। आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय विकास का मूल मंत्र स्वावलंबी भारत, सब का साथ सबका विकास और खुद पर भरोसा करना है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प आज एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणास्त्रोत बन गया है। अब समय आ गया है कि हर नागरिक आत्मनिर्भर बने, हर गाँव आत्मनिर्भर बने और हर घर ह्यमेड इन इंडिया के संकल्प को अपनाए। उन्होंने आगे कहा कि इस दीपावली और छठ पर्व पर स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दें, स्थानीय उत्पाद खरीदें और अपने आसपास के छोटे व्यवसायों को सहयोग करें। यही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना है। सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, गणेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, अंजलि लकड़ा, टोनी जैन, सुमन कुमार, मनोज गिरी, कुंवर मनोज सिंह, रीतलाल यादव दामोदर सिंह, रमेश ठाकुर, इंद्र नारायण कुशवाहा, महेंद्र बिहारी, सैयद तनवीर अहमद, चंदन सिंह, निजी सचिव, सदर विधायक, विवेक बैरियर, कैलाश यादव, रणधीर पांडे, प्रकाश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, कृष्णा मेहता, अरुण राणा, हेमंती देवी, भानुमति पासवान, प्रियंका कुमारी, सत्यभामा, लीलावती, ज्योत्सना, श्वेता सिंहा, शिवपाल यादव, दिलीप प्रसाद, संजय मेहता, पप्पू यादव, राम अवतार शर्मा, सुमन राय आदि उपस्थित थे।

# डीसी ऑफिस के समक्ष बरकट्ठा की महिला ने की आत्मदाह की कोशिश

**महिला सुरक्षा गार्ड और उपायुक्त के बॉडीगार्ड ने बचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग समाहरणालय परिसर में उस वक्त अफरा तफरी मच गयी। जिस वक्त बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बसरिया गांव की रहने वाली महिला प्रभा देवी, पति सुरेंद्र राम ज्वलनशील पदार्थ बोतल में बंद कर माचिस के साथ उपायुक्त कार्यालय परिसर में आत्मदाह करने पहुंच गयी। वह गुस्से में थी और उपायुक्त कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास करने लगी। सब की निगाहें उस ओर ही टिक गयी। पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। परेशान महिला प्रभा देवी ने बताया कि उनके जमीन पर भू-माफिया लगातार कब्जा कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि उनके जमीन पर जबरन चारदीवारी भी की गयी। इस मामले को लेकर उन्होंने अंचल कार्यालय बरकट्ठा से लेकर जिला प्रशासन को आवेदन भी सौंपा था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दिन उन्होंने आत्मदाह को लेकर जिला उपायुक्त के कार्यालय में जाकर आवेदन दिया था और उसकी पावती पर्ची भी उन्होंने प्राप्त की थी। मंगलवार को महिला अपने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह के लिए पहुंच गयी। जैसे ही महिला ने अपने सर पर ज्वलनशील पदार्थ डाला और माचिस जलाने की प्रयास की, उस वक्त ही महिला सुरक्षा गार्ड और उपायुक्त के बॉडीगार्ड ने उसे रोक लिया। उसके बाद उस महिला को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से पास ले गये। हालांकि इस संदर्भ में हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा है कि मामला उनके संज्ञान में है। संबंधित मामले को लेकर छानबीन की जा रही है। उचित कार्रवाई जो होगी वह की जायेगी। बता दे कि प्रभा देवी ने गत 9अक्टूबर को डीसी कार्यालय में आवेदन देकर फरियाद लगायी थी। आवेदन में बताया था कि खाता नम्बर-67, प्लौट नम्बर-2464, रकवा 0.06 डी मध्ये 0.02 डी हमे हिस्सा मिला है। यह भूखण्ड रास्ता से सटा है एवं 0.04 डी रैयती जमीन खाता नम्बर-64 की है, दोनो मिलाकर मेरा 6 डी जमीन हिस्सा मिला है, जिसे बासुदेव महतो पिता बुधन महतो, रामटहल प्रसाद, वकील प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद तीनों के पिता बासुदेव महतो, ग्राम बसरिया ने बाजबरण मारपीट कर यह जमीन हमसे छीन ले रहा है और पक्का निर्माण कर ले रहा है। जबकि यह जमीन सीएनटी एक्ट के अन्दर आता है। प्रभा देवी ने 9 अक्टूबर को दिये आवेदन में बता दिया था कि मैं बाध्य होकर अपने चार छोटे-छोटे बच्चों के साथ उपायुक्त कार्यालय के सामने 14 अक्टूबर को पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करने को बिवस होऊंगी।

## जूनियर टैलेंट सर्च क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में सत्र 25 - 26 के लिए घरेलू टूर्नामेंट की शुरूआत 15 अक्टूबर से झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल मैदान में शुरू हो रही है। कोडरमा जिला जूनियर टैलेंट सर्च क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत जिला क्रिकेट एसोसिएशन में स्वतंत्र रूप से अंडर 16 और अंडर 14 में रजिस्ट्रेशन कराने वाले खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिल रहा है। इसके अलावा जल्द ही आयोजित होने वाले इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी अंडर- 16 अंडर 14 के खिलाड़ी खेलेंगे और दोनों टूर्नामेंट में बेहतर खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों को मेरिट के आधार पर कैंप में शामिल होने का मौका मिलेगा। यह टूर्नामेंट 40-40 ओवर का खेला जायेगा। बीसीसीआइ और जेएससीए के नियम के तहत ही यह टूर्नामेंट आयोजित कराए जा रहे हैं । टूर्नामेंट सुबह नौ बजे से शुरू होगा। इसके लिए खिलाड़ी आठ बजे ही रिपोर्टिंग करेंगे। खिलाड़ियों को कहा गया है कि की मैच में अंपायर का निर्णय अंतिम होगा और खिलाड़ियों को अनुशासन का भी पालन करना अनिवार्य है। जानकारी केडीसीए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी है।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन बना राज्य का पहला स्वायत्त बीएड कॉलेज

**निदेशकों, प्राध्यापकों और कर्मियों में खुशी की लहर, झारखंड के लिए गौरव का क्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोडरमा को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वायत्त दर्जा प्रदान किया गया है। इसकी अधिसूचना विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी की गयी है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार के सभी निदेशकों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। यह न केवल कॉलेज के लिए बल्कि पूरे झारखंड राज्य और विभावि विश्वविद्यालय के लिए भी गौरव का विषय है, क्योंकि यह राज्य का पहला स्टैंडअलोन बीएड कॉलेज है जिसे स्वायत्तता मिली है। स्वायत्तता प्राप्त होने से कॉलेज को अब अपने पाठ्यक्रम, मूल्यांकन और शैक्षणिक नीति में बदलाव करने की स्वतंत्रता मिलेगी। संस्थान अब आधुनिक, रोजगारोन्मुख और कौशल-आधारित शिक्षा पर केंद्रित नये पाठ्यक्रम तैयार कर सकेगा। साथ ही प्रशासनिक कार्यों में गति आयेगी और अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में नये अवसर खुलेंगे। इससे छात्रों को व्यावहारिक और प्रतियोगी शिक्षा का लाभ मिलेगा और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग और एक्सचेंज प्रोग्राम की संभावनाएं बढ़ेंगी। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी के मार्गदर्शन और सभी शिक्षकों व कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों को दिया है। प्रबंधन ने बताया कि पिछले 16 वर्षों के संघर्ष और समर्पण के बाद यह सफलता प्राप्त हुई है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता डॉ. मृदुला भगत, डॉ. गौतम, मनीष कुमार सिंह, सौरभ शर्मा, मनीष कुमार सिन्हा और नीरज कुमार द्वारा शिक्षाशास्त्र विषय पर प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन मनीष कपसीमे और सचिव अविनाश कुमार सेठ ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वायत्तता प्राप्त होना पूरे झारखंड के लिए गर्व का क्षण है। संस्थान का उद्देश्य हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षक-शिक्षा प्रदान कर प्रशिक्षुओं को नैतिक, व्यावसायिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना रहा है। उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि यह सफलता शैक्षणिक नवाचार के प्रति महाविद्यालय की निष्ठा का परिणाम है। निकट भविष्य में संस्थान नयी नीतियों और शोध गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा में नये मानक स्थापित करेगा। प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि स्वायत्तता कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतर नवाचार का परिणाम है। अब कॉलेज स्वतंत्र रूप से अपनी परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया और शिक्षण पद्धति विकसित कर सकेगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार आयेगा। कार्यक्रम में निदेशिका शुभा कपसीमे, सुनीता सेठ, तनिष्क सेठ, प्रकाश गुप्ता, अंजना कुमारी, नीरजा, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. पंकज कुमार पांडे, डॉ. रविकांत तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधवा ने लगायी राज्य अल्पसंख्यक आयोग से मदद की गुहार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत रेवाली ग्राम निवासी सलमा खातून ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) से जीवन-यापन और अपने 8 वर्षीय पुत्र आतीफ असलम की पढ़ाई-लिखाई के लिए मदद की गुहार लगायी है। सलमा खातून ने बताया कि उनके पति असलम मियां का 25 नवंबर 2023 को असमय निधन हो गया था, जिसके बाद से वे अपने छोटे बच्चे के साथ बेसहारा जीवन बिता रही हैं। वर्तमान में वह घरों में काम कर किसी तरह गुजर-बसर कर रही हैं, लेकिन अब स्थिति बेहद कठिन हो गयी है। उन्होंने राज्य अल्पसंख्यक आयोग से निवेदन किया है कि उनके और उनके बच्चे के भरण-पोषण और शिक्षा के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। सलमा खातून ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सरकार और अल्पसंख्यक आयोग जैसी संस्थाएं गरीब, विधवा और असहाय महिलाओं के सहारे के लिए जरूर आगे आयेंगी।

## श्रमदान कर युवकों ने छठ तालाब में किया पक्की सीढ़ी का निर्माण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पवित्र छठ महापर्व को लेकर छठ घाटों में साफ-सफाई की तैयारी शुरू हो गयी है। डूमर पंचायत अंतर्गत बेड़म गांव में छठ तालाब में छठ व्रतियों की आने-जाने में सुविधा को लेकर गांव के युवकों ने चंदा इकट्ठा कर के श्रमदान कर पक्की सीढी का निर्माण कर दिया। छठ पूजा में व्रतियों को असुविधा ना हो इसके लिए गांव के युवक पुरी तरह साफ-सफाई और विधि व्यवस्था में लगे हुए हैं। इस कार्य में पप्पू मंडल, प्रभु मंडल, सचिन मंडल, पंकज कुमार, फलजीत कुमार, राजू वर्मा, अजीत कुमार, राजू शर्मा, छोटन गंझु, बुटन महतो, साहेब कुमार, विनय कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## खरीफ फसल पर कार्यशाला का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार की अध्यक्षता में खरीफ फसल पर कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख सुनीता देवी, उप प्रमुख अमेरिका महतो, विधायक प्रतिनिधि नरेश महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुभाष कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक मोहम्मद जेया, जन सेवक प्रशांत कुमार, तैयब हुसैन, रवि राजा, प्रवीण कुमार, तापेश्वर साव, अरुण पासवान, सूरज महतो, रियासत अंसारी, देवनंदन महतो, भुनेश्वर साव आदि किसान मित्र और विभिन्न पंचायत से आए किसान उपस्थित हुए। कार्यक्रम की आधिकारिक शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गयी। तत्पश्चात सभी वक्ताओं द्वारा कृषि तकनीकी पर अपना मंतव्य कृषकों के बीच साझा किया गया। मुख्य वक्ता प्रगतिशील कृषक मीनू महतो द्वारा किसानों के बीच कई तकनीकी बातों को रखा गया और उनसे प्राप्त प्रश्नों का समाधान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन रवि राजा ने किया।

## जन शिकायत कोषांग की हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज द्वारा जनता दरबार के जरिए आमजनों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर की गयी। कार्रवाई की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाती है। इसी क्रम में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें आमजनों से जुड़ी समस्याओं पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना से संबंधित आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। अनुमंडल कार्यालय से संबंधित विधि-व्यवस्था के संधारण से जुड़े आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया है। उपायुक्त ने थाना दिवस के माध्यम से जमीन विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन का निर्देश भी दिया। उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, बीडीओ, सीओको अपने-अपने कार्यालयों में जनता दरबार का नियमित आयोजन करने का निर्देश दिया, ताकि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** जीएस पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में सत्र 2025-26 परीक्षा के परिणाम को घोषित किया गया। साथ ही साथ पी.टी.एम. मीटिंग का भी आयोजन किया गया जिसके तहत सभी बच्चे अपने-अपने माता-पिता और अभिभावक गण के साथ विद्यालय पहुंच कर अपने परिणाम को समझा और भविष्य में और बेहतर करने को लेकर शिक्षकों से चर्चा की गयी। आयोजन में विद्यालय के वर्ग नर्सरी से लेकर वर्ग दशम तक के सभी बच्चों ने अपने परिणाम को देखने के लिए विद्यालय प्रांगण में दिखें। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चे को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए की। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दी और आगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को लेकर बच्चों को प्रोत्साहित किया व परीक्षा परिणाम लेने को लेकर उसके महत्त्व को भी बताया। उप-निदेशक नीरज सिंह ने भी बच्चों के बीच उनके अभिभावकों से उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने की बात कही और बच्चों को उनके आने वाले वर्गो से जुड़ी महत्वपूर्ण बात बताई। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने सभी अभिभावक से मिलकर बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की और विद्यालय में से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन ने विशेष रूप से इस कार्य को लेकर सभी शिक्षक-शिक्षकीओं को ढेरों शुभकामनाएं दी।

## चोकाद की आंगनबाड़ी सेविका रानी कुमारी बनी



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत चोकाद पंचायत के चक्रवाली गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया गया। इसमें मुख्य रूप से मुखिया रूपा देवी, पंसस मनोरंजन महतो, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, विनीत प्रभाकर मौजूद थे। चयन के दौरान दस आवेदिका का फॉर्म चयन कमिटी के पास में आया। चयन कमिटी ने योग्यता के आधार पर रानी कुमारी पति मानतेश्वर प्रसाद का योग्यता के आधार पर चयन किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अजय कुमार साव, मुखिया रूपा देवी, उप मुखिया अविनाश कुमार, पंचायत चंद्रमोहन महतो, फलेंद्र प्रसाद, रूपेश कुमार, चंद्रहास कुमार, कपिल कुमार, उमेश कुमार मुंडा, अक्षय मुंडा, अनुज मुंडा, अनूप कुमार, कुलदीप महतो, बिपिन कुमार, बालेश्वर कुमार महतो सहित कई थे।

## दांतोपंत ठेंगड़ी की मनी पुण्यतिथि



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ, कुजू कार्यालय में दांतोपंत ठेंगड़ी का पुण्यतिथि मनाया गया। साथ ही, उनके विचारों को अपनाने का संकल्प दोहराया गया। वक्ताओं ने बताया कि दांतोपंत ठेंगड़ी का जीवन राष्ट्र समर्पित रहा। उन्होंने कम समय में राष्ट्र संघ से जुड़कर संगठन को मजबूत किया। वहीं, दो बार राज्यसभा सांसद बने। उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार को न अपनाते हुए किसान व मजदूर हित में सक्रिय भूमिका निभाया। वहीं, देश में लगी इमरजेंसी का भी खुलकर विरोध किया था। इनके दृढ़ संकल्पों के बदौलत हीं भारत में बीएमएस नंबर वन पर है। इस अवसर पर सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू, अध्यक्ष दीपक प्रसाद, मंगलदेव महतो कालेश्वर राम, मोहन महतो, अनूप लाल चौधरी, शंकर गिरी, मैनेजर चंद्र उर्फ मनीष, ओमनाथ प्रसाद, रितेश केसरी, बबलू शामिल रहे।

## ऐतिहासिक जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सुदूर गांव बटुका में मंगलवार को ऐतिहासिक जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक जीवन जोड़ी कार्तिक मेला समिति के सदस्यों ने मेले के उद्देश्य के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा की इचापीरी के स्वतंत्रता सेनानी और रामगढ़ के प्रथम विधायक शहीद खैरा मांझी के द्वारा इस मेले की शुरुआत की गयी थी। ताकि ग्रामीण अपने बच्चों की शादी विवाह की बात इस मेले में आकर कर सकें। मेले में रामगढ़ जिला सहित रांची हजारीबाग और चतरा जिले के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने शिरकत किया। इस अवसर पर एक ओर जहां नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया वहीं दूसरी ओर राधा कृष्ण के वेष में नृत्यांगना द्वारा ग्रामीणों का मनोरंजन किया गया। इस अवसर पर मेले का भी ग्रामीणों ने खूब आनंद उठाया और मिठाई खिलौने आदि की खूब खरीदारी की गयी। मौके पर पुर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मान सिंह, दौलत सिंह, मुनेशवर ठाकुर, रामेश्वर खरवार, परण सिंह, गुजर गंझू, भरत मांझी, चंद्रदेव सिंह, महेश सिंह, छोटेलाल मांझी, विजय ठाकुर, राजेंद्र गंझू, शुभम सिंह, इंद्रदेव सिंह, वसंत ठाकुर, अनिल सिंह, मनोज गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, धनंजय सिंह, हरी लाल सिंह, कुंदन सिंह, मुकेश गंजू, संतोष सिंह, सुनील सोरेन, बृजेश करमाली सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण रामगढ़ और डॉ तुलिका रानी जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ के संयुक्त नेतृत्व में राजबल्लभ एचएस सांडी में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। कुल 218 बच्चे की जांच डॉ पल्लवी कौशल, डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट और सलोमी कुजू आम मरणगमर्चा के द्वारा की गयी। कुल 37 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाये जाने पर उनके पैशाव का सैंपल लेकर एल.टी जीतेन्द्र कुमार के द्वारा जांच उपरांत 30 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में जॉच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कुल के स्टाफ को दी गयी। डॉ. पल्लवी कौशल के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं। साथ ही सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें - संतरा, निबू, आवला और दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में Fluoride इक्टठा नही होता हैं। उनके द्वारा यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में नि:शुल्क कोई भी अपने पीने के पानी और पैशाव में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकता हैं।

## प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी बनी राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश ने हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी को राष्ट्रीय जनता दल के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनाया है। महासचिव बनाये जाने पर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड प्रमुख को बधाई दी है। ममता कुमारी ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे बखुबी निभाऊगीं। साथ संगठन को मजबूत बनाने में बुथ स्तर पर दौरा कर महिलाओं को जोड़ने का काम करुंगी। प्रमुख ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति अभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में सविता पांडे, कविता देवी, रीता देवी, शांति देवी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, देव लाल यादव, मनीष यादव, विनय यादव, संतोष पासवान, सरयु भोक्ता, सज्जन यादव, सितेश्वर यादव, भोला यादव, चैतू यादव के अलावे दर्जनों लोग शामिल हैं।

## भदानीनगर में महिला हत्याकांड का खुलासा

# दुषकर्म के बाद हत्या करने वाला ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**पॉर्न वीडियो देखकर आंगनबाड़ी सेविका को बनाया था निशाना, एसपी अजय कुमार ने 15 सदस्यीय टीम गठित कर 24 घंटे में किया खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भदानी नगर ओपी क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविका की बलात्कार के बाद हत्या करने की गुत्थी सुलझ गयी है। पुलिस ने वारदात के 24 घंटे के अंदर हत्यारे ट्रक ड्राइवर सुविंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उन वस्तुओं को भी बरामद कर लिया है, जो बलात्कार के समय ट्रक ड्राइवर के शरीर पर मौजूद था। इस मामले की जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। जिले के आधा दर्जन से अधिक थाने की पुलिस उस ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही थी, जिसने आंगनबाड़ी सेविका अंजली गाडी की हत्या की थी।

**पॉर्न वीडियो देखकर आंगनबाड़ी सेविका को बनाया निशाना :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार हत्यारा सुविंद्र यादव बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत शेरघाटी थाने के झोर सलैया रहने वाला है। वह पॉर्न वीडियो देखने का आदी था। 11 अक्टूबर की रात जब वह अपने ट्रक जेएच 02 यू 9638 पर सीमेंट की बोरी लाद कर पतरातू जा रहा था, इस दौरान भी वह रास्ते में गाड़ी रोक कर पॉर्न वीडियो देख रहा था। चैनगड्डा गांव के पास कुट्टी मिल के समीप अकेली खड़ी अंजली को देखकर सुविंद्र यादव का मन डोल गया। उसने गाड़ी रोक कर पहले उससे बात करने की कोशिश की और फिर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इस दौरान उसने गला घोट कर उसकी हत्या भी कर दी। यह सारी वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

**सत्संग से लौट रही महिला नहीं पहुंच सकी अपने घर :** अमृत का आंगनबाड़ी सेविका अंजलि की उम्र 39 वर्ष थी। वह 11 अक्टूबर को रामगढ़ में आयोजित एक सत्संग में शामिल होने के लिए आई थी। देर रात होने की वजह से वह अपने घर लौट के लिए निकली थी। उसके भतीजे ने चेगड्डा गांव तक बाइक से छोड़ा था। इसके बाद सड़क किनारे वह किसी दूसरे सवारी गाड़ी का इंतजार कर रही थी। जब ट्रक ड्राइवर सुविंद्र उसके पास पहुंचा था तब लगभग सुबह के 4:30 रहे थे। उस वक्त आम नागरिकों का भी आना-जाना शुरू हो गया था। मृतका के पति घाघरा गांव निवासी सुबोध उरांव ने बताया कि बेहद बेरहमी से उसकी पत्नी की हत्या की गई है। मेडिकल रिपोर्ट में भी उसके साथ हुए बलात्कार की पुष्टि हुई। टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु गौरव गोस्वामी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स, डीएसपी (सीसीआर) अजय कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, पुलिस निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार, यातायात प्रभारी गजेन्द्र पाण्डेय, मांडू पुलिस निरीक्षक रजत कुमार, गोला पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार सिंह, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सहित टेक्निकल सेल के मो नौशाद शामिल थे।

### 15 सदस्यीय विशेष टीम ने किया खुलासा

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अजय कुमार ने मौके का निरीक्षण किया और त्वरित कार्रवाई के लिए 15 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया। टीम ने रामगढ़, पतरातू, बासल, बरकाकाना, भुरकुंडा, कुजू, गोला, रांची, हजारीबाग के अलावा बिहार के गया, डोभी और शेरघाटी में छापेमारी की। पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली। अंततः पुलिस ने आरोपी को रांची जिले के खलारी फ्यूल ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### चार बच्चों का पिता है आरोपी

गिरफ्तार आरोपी सुविंद्र यादव की उम्र 41 वर्ष है और वह चार बच्चों का पिता है। उसकी सबसे बड़ी बेटी 21 वर्ष की है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी की मानसिक प्रवृत्ति विकृत थी। वह नियमित रूप से अश्लील वीडियो देखता था और आसपास की महिलाओं पर गलत नजर रखता था।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन




**चतरा (आजाद सिपाही)।** जल संसाधन विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, चतरा के तत्वावधान में आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 7वीं लघु सिंचाई गणना, 2वीं जल निकाय गणना और 1वीं स्प्रिंग्स गणना से संबंधित प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधियों और फील्ड कार्य के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त कीर्तिश्री और विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर (सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चतरा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम कार्यपालक अभियंता उमेश बड़ाईक के निर्देशन और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। तकनीकी प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर कुनाल पांडे, सुदामा पासवान और अनुज कुमार ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विपुल दुबे ने किया। इस अवसर पर अकाउंटेंट सहाब दीपक कुमार प्रजापति, कनीय अभियंता अमित रंजन, धर्मेंद्र कुमार, मो० समीर आलम, अभय एक्का सहित कार्यालय के अन्य सभी कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यशाला में अंचल कार्यालयों से नामांकित प्रगणकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि कीर्तिश्री ने प्रतिभागियों को अपने कार्य में सटीकता, पारदर्शिता और समयबद्धता बनाये रखने का संदेश दिया। उन्होंने विभाग द्वारा किये गये उत्कृष्ट आयोजन की सराहना करते हुए प्रशिक्षण टीम को बधाई दी।

## पायोनियर 27पी37 फसल प्रदर्शनी का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** अग्रणी बीज कपंनी पायोनियर द्वारा हंटरगंज प्रखंड के परशुराम नगर चौखड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के जिला प्रतिनिधि निवारण पांडेय ने किसानों को बताया की पायोनियर 27पी37 धान 2 नंबर जमीन मे सबसे ज्यादा उपज देने वाला हाईब्रिड धान है, जो कोई भी अन्य धान से प्रति एकड़ 3-4 क्विंटल ज्यादा उपज देने मे सक्षम है। क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार, ने 27पी37 के गुण और विशेताओ के बारे अवगत कराया, किसानों के बीच पायोनियर 27पी37 का 10 बालियों का वजन 141 ग्राम तथा अन्य धान कि 10 बालियां 79 ग्राम हुआ और किसानों ने माना कि पायोनियर 27पी37 के जैसा उपज देने वाला कोई भी धान नहीं है जो हर मौसम में ज्यादा उपज देती है, और किसान इसका चावल सुबह पका कर शाम तक भी खा सकते है। गोष्ठी के अंत मे 27पी37 धान की अच्छी उपज और गांव की समृद्धि के लिए परशुराम नगर चौखडा के महंथ मिथलेश महाराज और किसानों द्वारा - समृद्धि रैली निकाली गयी, जिसमें गांव के विजेता किसान को सम्मानित किया गया। इस मौके पर किसान, सुबोध सिह, पंकज सिह, विजय सिह, शिवु साव और दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# दिगवार में पूर्व सीएम रघुवर दास का भव्य स्वागत, लगाये गगनभेदी नारे

**स्वदेशी अपनाकर भारत को बनाये आत्मनिर्भर : रघुवर दास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** पूर्व सीएम रघुवर दास का मंगलवार को दिगवार फोरलेन चौराहे पर भाजपाईयों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने की। इस दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने रघुवर दास को अंगवस्त्र व बुके भेंटकर और गगन भेदी नारों के बीच भव्य स्वागत किया। पूर्व सीएम रघुवर दास हजारीबाग में हर घर स्वदेशी अभियान कार्यक्रम में भाग लेने जाने के दौरान कुछ देर के लिए दिगवार में रुके थे। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि देश आत्मनिर्भर की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमें गांव गांव जाकर संदेश देना होगा कि स्वदेशी की ओर बढ़े और अपने रोजमर्रा के उपयोग में देश में निर्मित उत्पादों का इस्तेमाल करें। यह अभियान ग्रामीण, अर्थव्यवस्था, स्वरोजगार, युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। साथ ही, आर्थिक मजबूती में मदद मिलेगी। वहीं, किसान व छोटे उद्योग सशक्त होगा। स्वदेशी ताकत ही सबसे बड़ी शक्ति है। झारखंड में स्वदेशी अपनाने की जागरूकता में तेजी आयी है। जो सकारात्मक संदेश है। स्वागत करने वालों में प्रवीण मेहता, राजू चतुवेर्दी, जगेश्वर प्रजापति, उमेश प्रसाद, मनोज गिरी, संजय शाह, दिनेश साहू, सुनील साहू, रतन प्रसाद साहू, संतोष शर्मा, धनंजय पुटूस, रामसहाय बेदिया, अर्जुन यादव, अर्जुन महतो, राजेश करमाली, रंजीत प्रसाद, मंजू देवी, सुनीता रविदास, संगीता रविदास, लक्ष्मी पंडा, बिनोद प्रसाद, राकेश पांडेय, रोहन लाल, दिलेश्वर कुशवाहा, शंकर बेदिया, दामोदर यादव, प्रमोद यादव, सोनम देवी, महेंद्र राम, बिगु महतो, नितेश कुशवाहा समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## राजभाषा हिंदी माह पखवारा अंतर्गत प्रतिभागियों को किया गया पुरुस्कृत




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** राजभाषा हिंदी माह पखवारा के अंतर्गत मगध परियोजना में आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का परिणाम की मंगलवार को घोषणा की गयी। कार्यालय में दोपहर 12:30, निम्नवर्णित कर्मियों और उनके बच्चों को पुरस्कृत करने हेतु मगध परियोजना के कार्यालय में आमंत्रित गया। इसमें निबंध प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार भास्कर श्रीवास्तव, लिपिक वर्ग द्वितीय वित्त विभाग प्रथम द्वितीय पुरस्कार ब्रजेश कुमार, सहायक लोडिंग लिपिक वर्ग तृतीया पुरस्कार विकास कुमार पांडे, लिपिक वर्ग द्वितीय मानव संसाधन विभाग। हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार वसीम अख्तर, माइनिंग सरदार, द्वितीय पुरस्कार कुमार राहुल, डाटा एंट्री संचालक, परियोजना पदाधिकारी सेक्रेटेरिएट तृतीया पुरस्कार संतोष कुमार, सामान्य सहायक श्रेणी वन, मैनेजर सेक्रेटेरिएट, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रथम पुरुस्कार अभिनव अनमोल कुजूर, लिपिक श्रेणी वर्ग द्वितीय, संप्रेषण विभाग, द्वितीय पुरस्कार विकास कुमार, लिपिक श्रेणी वर्ग तृतीय, मानव संसाधन विभाग, तृतीया पुरस्कार कुमारी मंजू तिर्की, आम सहायक, श्रेणी प्रथम प्रशिक्षु, भू और राजस्व विभाग, चित्रकला प्रतियोगिता कर्मी के बच्चों हेतु प्रथम पुरस्कार शिक्षा कुमारी, माता रीना कुमारी, लिपिक श्रेणी तृतीय, भू और राजस्व विभाग द्वितीय पुरस्कार बिंदिया कुमारी, माता मुनिया देवी, गुणवत्ता विभाग तृतीया पुरस्कार प्रगति विभाग, माता उमा भारती, लिपिक श्रेणी तृतीय, भू और राजस्व विभाग के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## अजगर सांप देख परिवार में अफरा तफरी



**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हेडूम पंचायत के पोटम गांव में बीते सोमवार शाम को लगभग शाम 7 बजे पत्रकार उमेश यादव के घर के आंगन में अचानक अजगर सांप को देख पूरे परिवार में अफरा तफरी मच गया। अजगर सांप आंगन से भाग भी नहीं रहा था और न ही आसपास के किसी जीव जंतु को नुकसान पहुंचाया। अजगर को एक ही स्थान पर जमे रहने से पूरे परिवार में डर का माहौल बन गया। आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही शाम को ही वन विभाग की टीम प अजगर सांप को रेस्क्यू कर घने जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: आरएसओ-सैंड फिलिंग-ओआर-1, दिनांक: 13.10.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। **कार्य का नाम:** 730 दिनों के लिए चौबीसों घंटे बीएनडीएम, डीएमएफ, आरओयू एवं जेएसजी (बंडामुंडा, डुमेत्रा, राउरकेला एवं झारसुगुड़ा) में डीजल और विद्युतीय रेलइंजन में नदी के बालू की आपूर्ति, उतारना, भण्डारण तथा भराई। [ठेकेदारों को बालू की जांच करनी होगी एवं उसे सुखाना होगा। उपचारित बालू का स्पेसिफिकेशन एम-916-51 (कार एवं लोकोमोटिव बालू)] होगा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,21,12,420.48। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,10,600। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 04.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख और समय:** 04.11.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-722)



**शपथ-पत्र**

मैं, अजय कुमार यादव, पिता स्व० त्रिलोकी यादव, उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम गौरगाड़ा, पो०- तमगे कलां, थाना- रंका, जिला- गढ़वा, राज्य- झारखण्ड, शपथपूर्वक निम्नांकित बयान करता हूँ:-

1 यह कि चिराग कुमार यादव Chirag Kumar Yadav मेरा पुत्र है जिसकी वास्तविक जन्म तिथि 01.01.2010 है, जो सही एवं सत्य है।

2- यह कि मेरे उक्त पुत्र के आधार कार्ड सं0- 6178 0215 0562 में उसका नाम- प्यूष कुमार यादव Pyush Kumar Yadav दर्ज है तथा उसकी जन्म तिथि 01.01.2008 दर्ज है जो गलत है।

3- यह कि मैं अपना उक्त पुत्र प्यूष कुमार यादव Pyush Kumar Yadav का सही नाम उसके आधार कार्ड सं0- 6178 0215 0562 में चिराग कुमार यादव Chirag Kumar Yadav एवं उसका जन्म तिथि उसके आधार कार्ड सं0-52384621 2666 के स्थान पर 01.01.2010 दर्ज करवाते हुऐ पेपर में गजट प्रकाशन हेतु इस शपथपत्र का निष्पादन कर हूँ मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

SL NO- 213/25 Date 22/7/25



**राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)**

(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

**भर्ती अधिसूचना**

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ESSE)-2025**

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत नेस्ट्स (NESTS) ने देश भर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (EMRS) में शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि: **23.10.2025 (23:50 बजे तक)।**

**रिक्तियां:** प्रधानाचार्य (225), पीजीटी (1460), टीजीटी (3962), महिला स्टाफ नर्स (550), छात्रावास वार्डन (पुरुष / महिला) (635), लेखाकार (61), कनिष्ठ सचिवालय सहायक (228), प्रयोगशाला परिचर (146)

अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए, लिए "www.nests.tribal.gov.in" पर विजिट करें।

जारीकर्ता: **NESTS**



Before, The Executive Magistrate, Ranchi

**AFFIDAVIT**

I, Nirmala Kachhap Wife of Late Turiya Oraon, resident of Village Jaria, P.S. Lapung, P.O. Mahugaon, District Ranchi Jharkhand 835234 do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I am an Indian Citizen & residing at my aforesaid address.
2. That my actual name is Nirmala Kachhap wife of Turiya Oraon mentioned in my Late husband's Pension Book.
3. That my husband's & my name Bimla Devi wife of Turiya Oraon entered in my Adhar Card being Adhar No 3470 1494 2635.
4. That my nick name Bimla Devi entered in my previous Adhar card during my child hood.
5. That I will be known by my actual name i.e. Nirmala Kachhap and my husband's actual name was Turiya Oraon.
6. That I will do my all work and signature with my Actual name which shall be published in Newspaper & Gazette too for my further Identification.
7. That above statements are true and genuine if any found wrong I shall be responsible.

Sl. No- 4391, Date- 13.10.2025



किसान कॉल सेंटर–18001801551

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़। (825101)
ई0मेल– atmaramgarh@gmail.com
वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में देसी पाठ्यक्रम के संचालन हेतु आम सूचना**

**आम सूचना**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) रामगढ़ द्वारा दिनांक 01.09.2025 को प्रेषित किए गए विज्ञापन संख्या– PR 360964 Agriculture(25-26)_D द्वारा देसी पाठ्यक्रम 2025–26 का आवेदन–आमंत्रण की अंतिम तिथि 10.09.2025 तक निर्धारित था, पर्याप्त आवेदन अप्राप्त रहने के कारण आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 21.10.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक आत्मा कार्यालय, रामगढ़ में जमा किया जा सकता है।

ह0 / –
परियोजना निदेशक,
आत्मा, रामगढ़

PR 364098 (District)25-26*D

# एनडीए आगे

गठबंधन की बुनियाद पर लड़े जा रहे चुनाव में पहली चुनौती यही रहती है कि अलायंस के भीतर किस तरह साथी दलों की महत्वाकांक्षा और जमीनी हकीकत के बीच संतुलन साधा जाये। इस लिहाज से बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे की गुत्थी पहले सुलझाकर शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है।

**बराबर कदः** बिहार में गठबंधनों के बाहर ही नहीं, भीतर भी समीकरण बदल चुके हैं और इसका असर सीट शेयरिंग पर दिख रहा है। एनडीए में जदयू और बीजेपी बराबर सीटों पर मैदान में हैं, जबकि बाकी दलों को उनकी मांग से कम सीटों पर संतोष करना पड़ा है। हालांकि अलायंस के लिए अच्छी बात यह होगी कि किसी सहयोगी दल ने नाखुशी जाहिर नहीं की है।

**नीतीश की चुनौतीः** इस चुनाव में भी एनडीए का चेहरा नीतीश कुमार हैं। पिछले दो दशकों से यही कहानी रही है। साथ में बीजेपी रही हो या आरजेडी, सीटें कम आई हों या ज्यादा - नीतीश ही मुख्यमंत्री बने। 2005 से वह पद पर हैं - सिवाय बीच के कुछ महीनों के जब उन्होंने जीतन राम को गद्दी सौंप दी थी। हालांकि इस चुनाव में उनकी राह आसान नहीं लग रही। कानून-व्यवस्था को चुनौती देते अपराधियों और भ्रष्टाचार के आरोपों ने उनकी सुशासन बाबू वाली छवि को चोट पहुंचाई है। देखना होगा कि पिछली बार की तरह अगर इस बार भी उन्हें बीजेपी से कम सीटें मिलती हैं, तब भी क्या सीएम की कुर्सी पर उनका दावा बना रहेगा।

**आइआरसीटीसी होटल करप्शन केस में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय होने से भी परेशानी बढ़ सकती है। तेजस्वी यादव ने अपने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार और रोजगार जैसे मुद्दे उठाये हैं।**

**आरजेडी की मुश्किल :** एनडीए ने जिस फॉर्म्युले को सुलझा लिया, महागठबंधन को अभी उससे गुजरना है। इस बार कांग्रेस ने अधिक सीटों की आस लगाई है। आरजेडी के लिए उसे मानना और साथ में दूसरे सहयोगियों से तालमेल बैठाना मुश्किल हो सकता है। इस बीच आइआरसीटीसी होटल करप्शन केस में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय होने से भी परेशानी बढ़ सकती है। तेजस्वी यादव ने अपने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार और रोजगार जैसे मुद्दे उठाये हैं। ऐन चुनाव के पहले करप्शन केस के आगे बढ़ने से विरोधी दलों को बड़ा मौका मिल गया है।

**जनसुराज का एंगल :** प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने भी उम्मीदवारों का ऐलान शुरू कर दिया है। पार्टी की अब तक की जारी लिस्ट में जातिगत समीकरणों का पूरा ख्याल रखा गया है। अब पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख में केवल चार दिन बचे हैं, और दूसरे खेमों ने लिस्ट जारी करने में बाजी मार ली है, तो महागठबंधन पर दबाव बढ़ा होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है।**

# पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता



**प्रतापराव जाधव**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88 प्रतिशत सदस्य देशों - 194 देशों में से 170 - में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है। विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणाली अपने सुलभ और किफायती सेवा के कारण अरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है।

व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है।

**जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में प्राचीन चिकित्सा पद्धति स्थायी स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान कर सकती है।**

यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है - प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**भारत का आयुर्वेदिक परिवर्तन**

भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।



**भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।**

भारत अब 150 से ज्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता है और आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किये गये पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है - ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96 प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थी और आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है।

**वैज्ञानिक मान्यता, वैश्विक विस्तार**

भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है।

ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं।

आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुंच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है। भारत ने 25 द्विपक्षीय समझौतों और 52 संस्थागत साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए हैं, 39 देशों में 43 आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किये हैं और विदेशी विश्वविद्यालयों में 15 शैक्षणिक विभागों की स्थापना की है।

भारत में डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत सरकार से समर्थन प्राप्त इस केंद्र का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करना है।

पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के एकीकरण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का हालिया प्रकाशन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे उन्नत प्रौद्योगिकियां नैदानिक सत्यापन को मजबूत कर सकती हैं, बड़े डेटा विश्लेषण को सक्षम बना सकती हैं और आयुर्वेद व संबंधित प्रणालियों में पूवार्नुमान देखभाल प्रणाली को बेहतर बना सकती हैं।

**आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए**

आयुर्वेद का मूल दर्शन - शरीर और मन, मानव और प्रकृति, उपभोग और संरक्षण के बीच संतुलन - समकालीन चुनौतियों के लिए प्रासंगिक समाधान प्रस्तुत करता है। जहां एक ओर दुनिया जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, वहीं आयुर्वेद एक ऐसी रूपरेखा प्रदान करता है, जो व्यक्तिगत और पृथ्वी के स्वास्थ्य, दोनों का समाधान करने में सक्षम है।


भारत वैश्विक स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। यह दृष्टिकोण निवारक, किफायती, समावेशी और स्थायी स्वास्थ्य देखभाल पर जोर देता है। आयुर्वेद न केवल एक चिकित्सा प्रणाली, बल्कि एक कल्याण अभियान का प्रतिनिधित्व करता है, जो पारंपरिक ज्ञान को समकालीन आवश्यकताओं से जोड़ता है।

प्राचीन ज्ञान का आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ समन्वय, पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैश्विक स्वास्थ्य संरचना में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की सुविधा देता है। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों की क्षमता की याद दिलाता है, जो लोग और अपनी पृथ्वी के संदर्भ में एक अधिक संतुलित और स्थायी भविष्य में योगदान दे सकती है।

**(लेखक : केंद्रीय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी (आयुष) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### इचागढ़ में बालू का अवैध कारोबार चरम पर



**इचागढ़ (आजाद सिपाही)।** इचागढ़ थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार लगातार बढ़ रही है। डीसी के द्वारा सख्त निर्देश के बावजूद सड़कों पर बालू लदे ट्रैक्टर प्रतिदिन खुलेआम दौड़ते दिख रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये वाहन प्रखंड कार्यालय के समीप से गुजर रहे, जिससे प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बालू माफिया दिनदहाड़े सरकारी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे, अंचल अधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को सब कुछ पता होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। वैसे इचागढ़ थाना पूर्व में भी अवैध खनन को लेकर चर्चा में रहा है। कई बार बालू लदे हाईवा, जेसीबी और ट्रैक्टर जब्त किये जा चुके हैं। हालिया घटनाओं ने प्रशासनिक प्रणाली पर और भी गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। कुछ दिनों पूर्व राज्यपाल के दौरे के दौरान एक आम व्यक्ति को होमगार्ड बनाकर ड्यूटी में लगाया गया था, उनका ट्रक से कुचलकर मौत हो गयी। यह सुरक्षा में बड़ी चूक मानी जा रही है। वहीं एक स्टॉकयार्ड संचालक द्वारा थाना प्रभारी पर प्रताड़ना के आरोप भी लगाये गये थे।

### डीसी लॉन में तोड़फोड़ पर भड़के विकास सिंह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिस्टुपुर के कॉन्ट्रैक्टर एरिया स्थित डीसी लॉन सैलून में हाल ही में हुई तोड़फोड़ की घटना पर भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा इतनी मर्दानी ताकत उन्होंने आज तक नहीं देखी। विकास सिंह ने कहा जो लोग इस प्रकार की दिनदहाड़े तोड़फोड़ कर रहे हैं, उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा ऐसी हिम्मत दिखाने वाले को राज्य वीरता पुरस्कार देना चाहिए ताकि पूरा झारखंड ताली बजाये। विकास सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। घटना को 24 घंटे से ज्यादा हो चुके लेकिन अब तक जमशेदपुर के सांसद और विधायक की चुप्पी समझ से परे है। विकास सिंह ने सवाल खड़ा किया क्या वे जानबूझकर मौन साधे हुए हैं या फिर उन्हें घटनाक्रम की गंभीरता का एहसास नहीं है? पूर्व भाजपा नेता ने कहा सैलून संचालक दिलीप चौधरी को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की है। यदि प्रशासन समय रहते सख्त कदम नहीं उठाती तो जनता का भरोसा कम हो जायेगा।

# दुबई में छिपे गैंगस्टर प्रिंस खान के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाये सरकार : सरयू राय

**सरयू राय ने राज्य सरकार (गृह और कारा मंत्री) को पत्र लिखा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार (गृह और कारा मंत्री) को पत्र लिखकर धनबाद के कुख्यात गैंगस्टर मो हैदर अली उर्फ प्रिंस खान के प्रत्यर्पण की कार्रवाई पूरी करने के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा है कि प्रिंस खान फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में छिपा हुआ है और वहीं से झारखंड के विभिन्न जिलों में कारोबारियों और चिकित्सकों को फोन कर रंगदारी की मांग कर रहा है। सरयू राय ने अपने पत्र में लिखा है कि दुबई में शरण लिए हुए गैंगस्टर प्रिंस खान को भारत लाने के लिए झारखंड सरकार के गृह विभाग ने 9 अक्टूबर 2023 को पत्रांक संख्या 5576 के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध किया था। इस पर गृह मंत्रालय ने सीपीवी डिविजन के एक्स्ट्राडिशन सेक्शन को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया था। इसके बावजूद दो वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रिंस खान का प्रत्यर्पण अब तक पूरा नहीं हो सका है। विधायक ने कहा कि पहले प्रिंस खान की आपराधिक गतिविधियां धनबाद तक सीमित थीं, लेकिन अब उसका आतंक जमशेदपुर, रांची, बोकारो और अन्य जिलों तक फैल गया है। उनके विधानसभा क्षेत्र के कई व्यापारियों और चिकित्सकों ने शिकायत की है कि प्रिंस खान अज्ञात फोन नंबरों से कॉल कर दो से पांच करोड़ रुपये तक की रंगदारी मांगता है। रंगदारी नहीं देने पर उसके गुर्गे व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर फायरिंग कर लोगों में दहशत फैलाते हैं। राज्य के कई दैनिक अखबारों में भी प्रिंस खान के आतंक से जुड़ी खबरें लगातार प्रकाशित हो रही हैं। सरयू राय ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि उन्होंने इस मुद्दे को वर्ष 2023 के शीतकालीन सत्र में पंचम झारखंड विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाया था। उस समय सरकार ने उन्हें आश्वस्त किया था कि भारत सरकार के माध्यम से प्रिंस खान को भारत लाया जायेगा और उसके गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। लेकिन अब तक न तो उसका प्रत्यर्पण हुआ और न ही उसके गुर्गों को नेस्तनाबूद किया जा सका है। परिणामस्वरूप, प्रिंस खान का आतंक अब जमशेदपुर और रांची तक फैल चुका है।

## छठ पूजा को लेकर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता सक्रिय

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डीसी को लिखा पत्र

**घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा, चिकित्सा, रोशनी और समन्वय के लिए बैठक की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आगामी छठ महापर्व को देखते हुए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन से व्यापक तैयारियों की मांग की। श्री गुप्ता ने डीसी को पत्र लिखकर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पत्र में उन्होंने छठ पर्व को जिले की लोक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा बताया। उन्होंने कहा प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर एकत्र होते हैं। ऐसे में घाटों की सफाई, सुरक्षा, बिजली, चिकित्सा, पेयजल, शौचालय और ट्रैफिक नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं को लेकर समय रहते उचित कदम उठाए जाने चाहिए। पूर्व मंत्री ने सभी प्रमुख छठ घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत, कीचड़ हटाव और बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था, घाटों और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी के लिए उच्चमास्ट, सुरक्षा हेतु पुलिस बल, महिला सुरक्षाकर्मी, गोताखोर, सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी, पेयजल, अस्थायी शौचालय और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, प्राथमिक उपचार केंद्र, चिकित्सकों की टीम और एंबुलेंस की तैनाती, आपातकालीन नंबर सार्वजनिक, भीड़भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफिक नियंत्रण,पार्किंग की मांग की। श्री गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित करने की मांग की। ताकि छठ पर्व के आयोजन को सुरक्षित, स्वच्छ और श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने कहा छठ महापर्व सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक है। जिसे शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने डीसी से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जतायी।

### आदित्यपुर बीडीएस मॉल के बाहर मिला ट्रक चालक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिला के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मंगलवार को बीडीएस मॉल के मुख्य गेट पर एक ट्रक चालक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान एक ट्रक चालक के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब सुबह स्थानीय लोग मॉल के पास पहुंचे तो उन्होंने एक शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। हालांकि अभी तक वे कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतजार है। घटनास्थल में लोगों की भारी भीड़ जमा होने लगी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मौत के कारणों का खुलासा किया जायेगा।

### हरहरगुट्टू में मॉर्निंग वाक पर महिला से अभद्रता, जान से मारने की धमकी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के हरहरगुट्टू में मंगलवार सुबह मॉर्निंग वाक पर निकली एक महिला के साथ अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रमिला देवी ने बताया सुबह करीब 5 बजे टहलने निकली थीं तभी कमल शर्मा और उसके एक साथी ने रास्ते में उन्हें रोका और गंदी-गंदी गालियां दीं। इतना ही नहीं, उन्हें जान से मारने यानी ₹काट देने₹ की धमकी भी दी गयी। घबराई हुई प्रमिला देवी घटना के तुरंत बाद उल्टे पांव घर लौटीं और अपने पति विजय सिंह को पूरी बात बतायी। विजय सिंह ने तत्काल बागबेड़ा थाना के सरकारी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है फोन रिसीव करने वाले पुलिसकर्मी ने खुद अभद्र भाषा का प्रयोग किया और फोन काट दिया। जिस कमल शर्मा पर धमकी देने का आरोप है वह सूरज हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा पा चुका। फिलहाल अपील बेल पर बाहर है। पूर्व भाजपा युवा नेता रहे सूरज की मां प्रमिला देवी का आरोप है बेल पर छूटने के बाद कमल शर्मा उन्हें लगातार धमका रहा है। उन्होंने यह भी बताया उनके पति का पीछा सोनू सिंह और उसके सहयोगियों द्वारा कई महीनों से किया जा रहा। लेकिन पुलिस शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। थाना से कोई मदद नहीं मिलने पर प्रमिला देवी ने सिटी एसपी कुमार शिवाशीष से संपर्क किया। एसपी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रमिला देवी ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए कहा यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी और उनके परिवार की जान को खतरा हो सकता है।

## पनघटवा डैम के पास बाइक पोल से टकराई, दो घायल

सगमा/धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पनघटवा डैम के समीप मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक तेज रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गयी। इस टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गयें, जिनमें से एक की हालत नाजुक बतायी जा रही है। दुर्घटना का शिकार हुए लोग गनियारी कला निवासी शंकर सिंह के पुत्र रवि कुमार (लगभग 20 वर्ष) और उनके चाचा थे। इस घटना के बाद, ग्रामीणों ने प्रशासन से पनघटवा डैम के पास बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## सर्पदंश से 62 वर्षीय महिला की मृत्यु

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मडिया गांव में सोमवार की दोपहर सर्पदंश से एक 62 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान मूर्ति देवी (62 वर्ष) पति दूदून शर्मा के रूप में की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूर्ति देवी अपने घर में किसी आवश्यक सामग्री की खोज कर रही थीं। इस दौरान घर में रखी लकड़ियों के पास अचानक सांप ने उन्हें डस लिया।

# मेराल : निर्माणाधीन ईंट-भट्ठा की चिमनी ढहने से एक मजदूर की मौत, चार घायल

**निर्माण कार्य में लगे सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के संभल जिले के निवासी हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** गढ़वा जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव में मंगलवार की सुबह एक निर्माणाधीन ईंट भट्ठा चिमनी ढ़हने से एक मजदूर की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज किया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी गयी। मृतक मजदूर की पहचान उत्तर प्रदेश के संभल जिला के मौपुर बाबई गांव निवासी रामकुमार सिंह का 35 वर्षीय पुत्र पप्पू सिंह के रूप में तथा घायलों में वहीं के मनवीर 22 वर्ष पिता चंद्रसेन सिंह, चमन 22 वर्ष पिता मो. शमशाद, संग्राम सिंह 35 वर्ष, पिता जालीम सिंह और पुष्पेंद्र कुमार 32 वर्ष, पिता रामचरण सिंह शामिल है।



### चिमनी दुर्घटना को लेकर एसडीएम ने घटनास्थल का दौरा किया



मेराल। मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव में हुई चिमनी दुर्घटना को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया तथा स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल मजदूर से पूरे मामले को समझा तथा चिकित्सकों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मामला प्रथम द्दष्टया सुरक्षा लापरवाही का है, इसको लेकर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अंचल अधिकारी मेराल, जिला खनन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, कारखाना निरीक्षक को घटना की संयुक्त जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जानकारी के अनुसार कमरमा गांव में गुड्डू सिंह का नया ईंट भट्ठा के लिए चिमनी निर्माण का कार्य चल रहा था। करीब 100 फीट ऊंचा चिमनी में 60 फीट की ऊंचाई पर सभी मजदूर सीमेंट प्लास्टर का कार्य कर रहे थे, तभी अचानक भूस्खलन या अन्य कारण से चिमनी का ऊपरी हिस्सा भरभरा कर ढ़ह गया, जिससे सभी मजदूर नीचे गिरते हुए मलवे में दब गये।

### विधि सम्मत होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

इस संबंध में मेराल थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली तथा सदर अस्पताल पहुंचकर घायल मजदूर से घटना की जानकारी ली तथा पंचनामा के बाद मृतक मजदूर का शव अंत्य परीक्षण के लिए ले जाया गया। जांच पड़ताल के बाद ईट भट्ठा मालिक पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**प्रखंड प्रमुख सहित कई समाजसेवी सदर अस्पताल पहुंच कर ली जानकारी** : घटना की जानकारी मिलने पर मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी कथा अन्य कई समाजसेवी गढ़वा सदर अस्पताल पहुंच कर सभी का हाल जानने के बाद ईट भट्ठा के मालिक को बेहतर इलाज में सहयोग करने की मांग की साथ ही घायल मजदूरों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

# 'कुलपति महाविद्यालय के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय का भ्रमण किया

**कुलपति ने संकाय स्तर पर प्रत्येक छह माह में 'संकाय बुलेटिन' और प्रति वर्ष 'संकाय पत्रिका' के प्रकाशन का निर्देश भी दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एमके सिंह ने 'कुलपति महाविद्यालय के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं प्रबंधन संकाय का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों, शिक्षकों तथा सहयोगी कर्मियों से आत्मीय संवाद स्थापित किया।

कुलपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए सकारात्मक सोच, अनुशासन, लगन, और दीर्घ संकल्प के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को अपने आत्म-मूल्यांकन, क्षमताओं और अवसरों की पहचान, और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की तैयारी के महत्व पर बल दिया।

कुलपति ने यह भी कहा कि छात्रों का आचरण ऐसा होना चाहिए कि शिक्षा का वास्तविक प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही।

छात्र संवाद के उपरांत कुलपति ने इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संकायध्यक्ष डॉ पंकज कुमार एवं संकाय के सभी शिक्षकों से बैठक की। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने, नयी तकनीकों से छात्रों को परिचित कराने, तथा पुस्तकालय के उपयोग हेतु प्रेरित करने पर बल दिया। कुलपति ने संकाय स्तर पर प्रत्येक छह माह में 'संकाय बुलेटिन' तथा प्रति वर्ष 'संकाय पत्रिका' के प्रकाशन का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, इंजीनियरिंग संकायध्यक्ष डॉ पंकज कुमार, सहायक कुलसचिव डॉ अनुज शंकर सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।

# अंबाखोरैया स्कूल का डिजिटल सपना टूटा, स्कूल से कंप्यूटर सेट चोरी, प्रधानाध्यापक ने दर्ज कराया सनहा

**पुलिस ने प्रधानाध्यापक के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी (गढ़वा)।** धुरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित टेन प्लस टू उच्च विद्यालय अंबाखोरैया में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। विद्यालय के कंप्यूटर लैब से एक पूरा कंप्यूटर सेट चोरी हो गया है। यह घटना 13 अक्टूबर 2025 की सुबह की बतायी जा रही है, जिससे विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार भगत ने इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी को एक आवेदन देकर सनहा (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज कराया है।

प्रधानाध्यापक ने थाने में दिये गये आवेदन में बताया कि 13 अक्टूबर की सुबह लगभग 9 बजे विद्यालय खोला गया। प्रार्थना सभा से ठीक पहले, आईसीटी प्रशिक्षक संतोष प्रजापति जब कंप्यूटर लैब (आईसीटी लैब) खोलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि लैब के मुख्य दरवाजे का ताला गायब था। इसके साथ ही, लैब से सटे प्रयोगशाला कक्ष का ताला भी टूटा हुआ था और वह टूटा हुआ ताला वहीं लटका हुआ मिला।

इस चोरी की सूचना तुरंत प्रधानाध्यापक को दी गयी। सूचना मिलने पर, प्रधानाध्यापक ने अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति में लैब के अंदर जाकर विस्तृत जांच की। जांच के दौरान यह पाया गया कि लैब से एक पूरा कंप्यूटर सेट चोरी हो चुका है। चोरी हुए उपकरणों में एक मॉनिटर, एक सीपीयू, कीबोर्ड, माउस और एक हेडफोन शामिल हैं। प्रधानाध्यापक सुशील कुमार भगत ने धुरकी थाना प्रभारी से इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस ने प्रधानाध्यापक के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही चोरों का पता लगाने तथा चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए आवश्यक जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा, आजसू और कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया ।** झामुमो प्रखंड कमिटी के द्वारा जिला के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा युवा मोर्चा के गठन हेतु मंगलवार को पीडब्ल्यूडी डाकबंगला परिसर में भाजपा, आजसू और कांग्रेस से आये दर्जनों कार्यकर्ताओं को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की और उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप के द्वारा पार्टी का पट्टा व माला पहना कर झामुमो का सदस्यता ग्रहण कराया गया। झामुमो मे शामिल होने वालों में आजसू प्रखंड अध्यक्ष अनुपम आशीष करकेटा, भाजपा से किरण सिंह, गणेश सिंह और भुनेष्वर सिंह, कांग्रेस से गोटाई लोहरा, घनश्याम सिंह, विनोद भुइयां, प्रेमचंद बैक, दुर्गेश लकडा, शिमोन मिंज, आदि का नाम शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये रविशंकर कश्यप ने पार्टी की मजबूती के लिए भंडरिया प्रखंड में सभी 6 पंचायत में पंचायत पर्यवेक्षक नियुक्ति किया गया है। इस मौके पर विनीत तिग्गा शुमांगल टोप्पो अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर, मोबिन अंसारी, मंजरुल इस्लाम, सचिव लौरेंस कुजूर, अर्जुन राम सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो रंका प्रखंड कमेटी का विस्तार को लेकर बैठक



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका थाना मोड़ स्थित प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में झामुमो प्रखंड कमेटी का विस्तार करने को लेकर बैठक किया गया। इस बैठक में एक सौ सदस्यों वाली प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसे अनुमोदन हेतु जिला से होकर राज्य कमेटी को भेजा जायेगा। तत्पश्चात पंचायत कमेटी का विस्तार करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इस मौके पर अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, सचिव रतन सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक उर्फ भंडूल पाठक, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, युवा नेता पप्पू यादव, दीपक कुमार सोनी, श्यामलाल यादव, परशु ठाकुर, मोख्तार अंसारी, संतोष प्रसाद, राधेश्याम सिंह सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्र ने छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। इन्होंने सूर्य मंदिर स्थित घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कनिया अभियंता धर्मेंद्र चौधरी, सुधीर सिंह, प्रियांशु तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुजीत, दिलीप, विधि सहायक मनजीत, सफाई सुपरवाइजर आशीष सहित कई अधिकारी मौजूद थे। कार्यपालक ने नगर पंचायत कार्यालय से बंशीधर मंदिर, नगर गढ़, काली मंदिर तक पैदल चलकर स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक ने बताया कि छठ महापर्व के लिए पर्व करने वाले श्रद्धालुओं और इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना नगर पंचायत की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सफाई सुपरवाइजर को दिवाली तक हर हाल में घाट तथा सूर्य मंदिर परिसर को साफ सफाई करने के निर्देश दिये। मौके पर स्वयं सेवी संगठन प्रभात क्लब, फ्रेंड्स रॉक ग्रुप के सदस्य मौजूद थे।

# झारखंड सरकार किसान विरोधी: रामलला दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** भारतीय जनता किसान मोर्चा के कार्यकारी सदस्य रामलला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार पर किसान विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सुखाड़ और अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, लेकिन सरकार किसानों की व्यथा सुनने को तैयार नहीं है। श्री दुबे ने बताया कि पिछले वर्ष जिले भर के 524 किसानों की धान की बकाया राशि अब तक नहीं दी गयी है। किसी किसान को पहली किस्त, किसी को दूसरी किस्त तो किसी को बोनस की राशि नहीं मिली है। सभी को मिलाकर जिले के किसानों का लगभग 4.94 करोड़ रुपये बकाया है।

उन्होंने कहा कि किसान लगातार अपने भुगतान के लिए प्रशासन से लेकर सरकार तक गुहार लगा चुके हैं, परंतु अब तक किसी को राहत नहीं मिली है। सरकार की इस उदासीनता से किसानों का विश्वास उठ चुका है। श्री दुबे ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों के धान की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए, ताकि वे आगामी रबी फसल की बुआई कर सकें। साथ ही किसानों को समय पर अनुदानित खाद, बीज, किट और नाशी दवायें उपलब्ध कराई जायें।

## श्री सूर्य नारायण मंदिर में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



केतार (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले के केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर गांव स्थित श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में आगामी छठ महापर्व के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी, अनुशासन समिति के सदस्य और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई, लाइटिंग व्यवस्था, झरना, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हम सब मिलकर इस पर्व को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से मनायेंगे। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी सहयोग करेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। **मेले में डिजनीलैंड झूला का आकर्षण** : बैठक में यह भी बताया गया कि इस बार छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित मेले में डिजनीलैंड झूला में सभी प्रकार का झूला लगाया जायेगा, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। इस मौके पर अनुशासन समिति के पदाधिकारी रामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ अशर्फी मेहता, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद, सूचना मंत्री धर्मेंद्र सिंह, सदस्य राजकिशोर सिंह, अजय सिंह, दिलकिशोर प्रसाद, महेशी वियार, सुरेश प्रसाद, दिनेश वर्मा, शशांक सौरभ, नागेंद्र चंद्रवंशी, पप्पू चौधरी, सुनील वियार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सनातन हिंदू आक्रोश कार्यक्रम में बीडीओ और सीओ को सौंपा गया चार सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**धुरकी (गढ़वा)।** धुरकी सनातनी हिन्दू आक्रोश कार्यक्रम के तत्वावधान में मंगलवार 2बजे धुरकी में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिन्दू भाई-बहनों ने भाग लिया और अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने धुरकी प्रखंड विकास पदाधिकारी व बीडीओ विमल कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन की शुरूआत धुरकी के शिव मंदिर से हुई। यहां से सभी हिन्दू भाई-बहन हाथों में तख्तियां लिए और जय श्री राम के नारे लगाते हुए बाजार से होकर धुरकी प्रखंड मुख्यालय की ओर बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार करने और उचित कार्यवाही करने की मांग की मौके पर विवेक सिंह, रवि सिंह, मुकेश कुमार, दामोदर जयसवाल, संजय जायसवाल, रंजित कुमार, अखिलेश यादव, मंगल यादव, अंगद प्रजापति, मनदीप प्रजापति, रामप्रवेश यादव के अलावा सभी सनातनी हिन्दू लोग मौजूद थे

**प्रमुख मांगें :- मांडर स्थल की माल बंधी रद्द करना:** मांडर स्थल से संबंधित माल बंधी को तत्काल रद्द किया जाये। **श्मशान घाट की माल बंधी रद्द करना:** श्मशान घाट से संबंधित माल बंधी को भी रद्द किया जाये। **गौ-तस्करी पर पूर्ण रोक:** क्षेत्र में हो रही गौ-तस्करी पर प्रभावी और कठोर कदम उठाते हुए पूर्ण रोक लगाई जाये। **धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली गतिविधियों पर रोक:** धार्मिक भावनाओं और आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी प्रकार की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और उन पर तुरंत रोक लगाई जाये।

## जिप की अध्यक्षता में जिला परिषद गढ़वा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

# सदन में आये मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद गढ़वा की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और उप विकास आयुक्त -सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा के द्वारा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों बैठक में दिये गये निर्देशों और उठाये गये मामलों का बिंदुवार अनुपालन संबंधित विषयों की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों द्वारा पूर्व में दिए गए मामलों में कुछेक का निष्पादन नहीं होने की भी बात बतायी गयी। जिसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को मामले के त्वरित निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया और इस प्रकार के किसी भी मामले का निष्पादन 15 दिनों के अंदर जांच कराते हुए निष्पादित कराने की बात कही गयी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निरीक्षण व जांच के दौरान संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी मौका स्थल पर अवश्य बुलाया जाय एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ जांच प्रक्रिया संपन्न कराई जाय। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के जनहित के विभिन्न मुद्दे से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, खनन, पशुपालन, कृषि, गव्य, परिवहन, सड़क निर्माण, भूमि अतिक्रमण, भ्रष्टाचार आदि के अंतर्गत व्याप्त समस्याओं के उन्मूलन हेतु विभिन्न मुद्दों को बैठक के दौरान उठाया गया। उपरोक्त समस्याओं पर नियमानुसार जांच कराते हुए समाधान कराने हेतु जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी एवं उप विकास आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिला परिषद की मासिक बैठक नियमित कराने की बात कही गई ताकि जनहित से जुड़े समस्याओं से सदन को अवगत कराते हुए शीघ्र निष्पादित कराया जा सके। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त उपाध्यक्ष जिला परिषद सत्यनारायण यादव, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी एवं विभिन्न अभियांत्रिकी विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य लोग उपस्थित थें।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा

समग्र शिक्षा

समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन कोड-825410

jepckoderma@yahoo.co.in, kodermassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें

विज्ञप्ति संख्या 761 / 11 / 06 / 2025

कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, डोमचाँच में शिक्षक–शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर चयन के लिए कक्षा अवलोकन (Class Observation) हेतु आम सूचना

कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में शिक्षक–शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु जिला कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 761 / 11 / 06 / 2025 के आलोक में अंतिम तिथि दिनांक 30.06.2025 तक अभ्यर्थियों से निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में प्राप्त किया गया था। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक 1605 दिनांक 27.09.2025 द्वारा शिक्षक पद के लिए स्वीकृत आवेदक वर्ग 01–08 एवं 09–10 पद हेतु अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा दिनांक 08.10.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे पी0एम0 श्री परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा में एवं कम्प्यूटर शिक्षक पद के लिये स्वीकृत अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, कोडरमा दिनांक 08.10.2025 को आयोजित की गई थी, जिसकी विवरणी निम्नवत् है–

| क्र. सं. | विषय का नाम | औपबंधिक सूची हेतु चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | दक्षता परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की संख्या | दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, (गणित) वर्ग 01–08 हेतु | 2 | 2 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान–रसायन विज्ञान) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) वर्ग 01–08 हेतु | 9 | 4 | 4 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका (कम्प्यूटर) वर्ग 01–08 हेतु | 13 | 8 | 6 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) वर्ग 09–10 हेतु | 15 | 8 | 8 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान–गणित) वर्ग 09–10 हेतु | 29 | 16 | 16 |
| | कुल | 70 | 40 | 38 |

लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर अभ्यर्थी का कक्षा अवलोकन (Class Observation) नहीं लिया जायेगा।

दिनांक 11.10.2025 को जिला चयन समिति की बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के अधिसूचना संख्या–1632 दिनांक 05.09.2012 के आलोक में सामाजिक विज्ञान वर्ग 01–08 के 01 अभ्यर्थी का जेटेट बांग्ला भाषा में रहने के कारण अयोग्य करने का निर्णय लिया गया।

शिक्षक पद के लिए दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदक कक्षा अवलोकन (Class Observation) हेतु दिनांक 17.10.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे वर्ग 01–08 हेतु आदर्श मध्य विद्यालय, कोडरमा एवं वर्ग 09–10 पद हेतु पी0एम0 श्री परियोजना बालिका +2 उच्च विद्यालय, कोडरमा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्व संबंधित केन्द्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थियों के चयन से संबंधित जिला चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। कक्षा अवलोकन (Class Observation) हेतु दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी की सूची कोडरमा जिला के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है।

नोटः–सभी स्वीकृत अभ्यर्थी आधार कार्ड / अन्य परिचय पत्र (फोटो एवं पता सहित), 02 अद्यतन पासपोर्ट फोटो एवं पेन के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 364087 Jharkhand Education Project Council (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## हाथियों के झुंड ने किसान को कुचला, मौत

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत कटई टोला में सोमवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक किसान को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान 65 वर्षीय मघवा उरांव, पिता स्व बुधवा उरांव के रूप में की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की रात करीब 11 बजे 14 से 15 हाथियों का एक झुंड गांव में आ धमका। हाथियों ने सबसे पहले किसान सधना उरांव, विजय उरांव एवं खदिया उरांव के खपरैल घरों को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग भय के कारण दूर से ही लुकवारी जलाकर और टीन बजाकर हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच घर के बाहर बंधे पशुओं के शोर से किसान मघवा उरांव की नींद खुल गयी। हाथियों को देखकर किसान जान बचाने के लिए धान के खेत की ओर भागे और छिप गये, लेकिन गुस्साए हाथियों ने खेत में जाकर उन्हें पैरों से कुचल डाला और दलदल में दबा दिया।

# चंदवा के लुकुइया घाटी में बारूद लदा ट्रक पलटा

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा- लोहरदगा पथ पर लुकुइया घाटी के पास बारूद से लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना मंगलवार की सुबह तकरीबन आठ बजे की है।

वाहन चालक ने बताया कि वह रांची से विस्फोटक सामग्री बारूद ले कर ट्रक (एमएच 40 बी जी 5336) से लातेहार के तुबेद कोलियरी के लिए रवाना हुआ था। विस्फोटक सामग्री खदानों में प्रयोग के लिए ले जाया जा रहा था। जैसे ही ट्रक लुकुइया घाटी के मोड़ पर पहुंचा, सड़क की ढलान और मोड़ पर उसने ट्रक पर से अपना नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक सड़क पर पलट गयी। गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया और ट्रक में किसी प्रकार का कोई विस्फोट नहीं हुआ, नहीं तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि चंदवा का लुकुइया घाटी क्षेत्र हादसों के लिए विख्यात हो चुका है। यहां आये दिन दुर्घटनायें होती है। साथ ही दुर्घटना होने के बाद बहुत कम ही उम्मीद रहता है कि किसी व्यक्ति का जान माल बच सके। लगभग एक वर्षों की आंकड़ा लगा दिया जाये तो 15 से 20 की संख्या में सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक बाइक चालक ऑटो चालक जैसे लोगों की मृत्यु होती है।

## अपराध नियंत्रण के लिए थाना स्तर पर सजगता और समन्वय जरूरी : एसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एसपी सादिक अनवर रिजवी की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य आगामी दीपावली और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना था। बैठक में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी और ओपी प्रभारी मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत में एसपी ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज लंबित कांडों की समीक्षा की और सभी थाना प्रभारियों को पुराने मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए थाना स्तर पर सक्रियता, सजगता और समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। एसपी ने हाल ही में घटित महिला उत्पीड़न, हत्या, चोरी और गृहभेदन जैसे मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित वारंटों के निष्पादन एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पर विशेष जोर दिया। त्योहारों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को स्थानीय लोगों से संवाद बनाये रखने और शांति-व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

## डीसी ने सभी राशन कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का दिया निर्देश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी राशनकार्डधारी परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवायें। पीवीटीजी समूह का भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए उक्त क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित कर सभी परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवायें। कोई भी परिवार आयुष्मान कार्ड के तहत मिलनेवाली सुविधाओं से वंचित ना रहे। उपायुक्त ने कहा कि सभी लाभुकों को राशन कार्ड के अनुसार निर्धारित मात्रा में अनाज मिले। किसी भी लाभुक को अगर कम राशन तौलने या दिये जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति के लिए लैम्प्स में मानक के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में चना दाल का वितरण, कार्ड के अनुसार खाद्यान्न वितरण, धोती/ लुंगी-साड़ी वितरण योजना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार, सभी विपणन पदाधिकारी आदि उपस्थित उपस्थित थे।

## चोरहा में मनीषा कुमारी बनी आंगनबाड़ी सेविका



**सरयू (आजाद सिपाही)।** लातेहार नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र, लाई में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया। अंचलाधिकारी सह सीडीपीओ दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि चयन प्रक्रिया में कुल 10 आवेदिकाओं ने भाग लिया था। जिसमें मैट्रीक स्तर से स्नातकोत्तर स्तर तक प्राप्त अंकों के आधार पर मनिषा कुमारी का चयन सेविका पद के लिए किया गया है। मनिषा कुमारी एवं सुबंती देवी का समान 27 अंक प्राप्त हुआ था। दोनों आवेदिकाओं के समान अंक आने के उपरांत ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों का मंतब्य लेकर मनिषा कुमारी का चयन सेविका पद के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि सुबंती देवी का चयन पुर्व में ही आंगनबाड़ी केन्द्र, लाई में सेविका पद के लिए किया गया था। परंतु प्रमाण पत्रों की अधिकारिक जांचोपरांत फर्जी पाये जाने पर सेवा से पद मुक्त कर दिया गया था। इस मौके पर पर्यवेक्षिका लीलावती कुमारी, स्वेता कुमारी, प्रमुख अमिता देवी, मुखिया अंकिता देवी, पंसस मंजु देवी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोहरदगा में आभूषण ठग गिरोह सक्रिय

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** इन दिनों जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में आभूषण ठग गिरोह की अलग-अलग टुकड़िया सक्रिय है। चतुराई और सफाई से कथित कीमती जेवरातों की ठगी करने की वारदातों को अंजाम देने की फिराक में लगा है। मिली जानकारी के अनुसार धनतेरस, दीपावली, छठ त्योहार के समय उत्तर प्रदेश के बलिया, बिहार के समस्तीपुर, छपरा आदि क्षेत्र के कई गिरोह आभूषण सफाई के नाम पर लोहरदगा के विभिन्न इलाकों में ठगी कर की फिराक में सक्रिय होते आ रहे हैं। इस संदर्भ में लोहरदगा सरार्फा एसोसिएशन के संरक्षक संजय बर्म्मन ने बताया कि ठगों का अलग-अलग गिरोह स्थानीय गांव, मोहल्ला, टोला या शहर के उपनगरीय क्षेत्र राजा बांग्ला, छतर बगीचा,आदर्श नगर, कुटुमू, सरना टोली, किस्को मोड आदि के वैसे घरों को टारगेट करते हैं जहां, पुरुष काम के सिलसिले में घर से बाहर रहते हैं। ठग गिरोह के शातिर लोग गृहणियो से कांच के टूटे सामान, पुराने कपड़े, खराब रिमोट, फ्यूज बल्ब आदि बेकार चीजो की जगह बदले कटोरा गिलास आदि सम्मान देने का झांसा देकर पहले घर में घुसते हैं। इस दौरान चतुराई से दरवाजे, खिड़की, फर्नीचर और बर्तनों के पुराने दाग को अपने केमिकल से साफ कर-के विश्वास प्राप्त करते हैं। फिर चतुराई से आभूषण की सफाई कर देने का प्रलोभन और झासा घरेलू महिलाओं को देते हैं। यहीं पर गृहणियां झांसे में आकर अपना कीमती सोना चांदी के आभूषण साफ कर चमकाने के लिए दे देते हैं। ठग या तो जेवर के वजन को तकनीक इस्तेमाल कर इसे आधा कर देते हैं। आभूषण को बदलकर एक पोटली थाम कर कहेगा कि, सूखने के आधा घंटा के बाद खोलियेगा। सर्राफा व्यापारी संजय बर्म्मन ने महिलाओं को सलाह दी है कि, सोना हो या चांदी के आभूषण उसे किसी भी डिटर्जेंट पाउडर में चाय की तरह 10 मिनट खौलाने के बाद टूथपेस्ट से साफ कर दीजिए, सोनार दुकान जाने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**ठग होने का संदेश हो तो सूचना पुलिस को दें : एसपी**

पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने इस संदर्भ में कहा कि घरेलू महिलाओं के जागरूक और सतर्क रहने से कई ठगी की घटनाओं से बचा जा सकता है। एसपी ने घरेलू महिलाओं से अपील किया कि संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 डायल कर कर भी अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेरने का प्रयास करें। एसपी ने कहा, त्योहार के दौरान सुरक्षा के ठोस प्रबंध कर दिया गया है। पुलिस की गस्ती बढ़ा दी गई है। पुलिस पदाधिकारी और थानों को अलर्ट कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय बोसिया खिलाड़ी सुमन प्रजापति करेंगे भारत का नेतृत्व



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बोसिया खिलाड़ी सुमन प्रजापति ने उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात की। सुमन 3-11 नवंबर तक आस्ट्रेलिया के कैनबरा में आयोजित होनेवाले वर्ल्ड बोसिया चैलेंजर में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उपायुक्त ने सुमन को इस अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दी। सुमन ने जिला प्रशासन को विभिन्न अवसरों पर सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। सुमन उपायुक्त से मुलाकात के बाद चंडीगढ़ रवाना हो गये जहां वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए विशेष प्रशिक्षण लेंगे और वहीं से 1 नवंबर को आस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान करेंगे।

# छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी पर अभाविप ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) लोहरदगा इकाई द्वारा मंगलवार को जिला कल्याण पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें राज्य के ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गयी। जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण हजारों ओबीसी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित हैं। छात्रवृत्ति न मिलने से कई छात्रों की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। सरकार को चाहिए कि शीघ्रता से छात्रों के खाते में राशि भेजकर राहत प्रदान करे। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल ने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों की शिक्षा की रीढ़ है। सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। एबीवीपी ने जिला प्रशासन से मांग की कि संबंधित छात्रवृत्ति राशि जल्द से जल्द विद्यार्थियों के खातों में भेजी जाये, ताकि छात्रों को राहत मिल सके। संगठन ने यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गयी, तो एबीवीपी छात्र हित में व्यापक आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल, नगर मंत्री अविनाश कुमार, कॉलेज अध्यक्ष अनुभव कुमार, नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार, नगर सह मंत्री जय कुमार उपस्थित रहे।

## हिंडालको प्रबंधन से भुगतान में देरी और ट्रिप वितरण की समस्या के समाधान की मांग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन के संचालन समिति का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को हिंडालको कंपनी के वित्त प्रबंधक एवं लॉजिस्टिक्स हेड से मुलाकात कर ट्रक मालिकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सर्वप्रथम प्रतिनिधिमंडल ने वित्त प्रबंधक से भेंट कर फोर्टनाइट पेमेंट में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। समिति के सदस्यों ने बताया कि पूर्व में इस पद पर कार्यरत अमिताभ चक्रवर्ती के कार्यकाल में ट्रक मालिकों का भुगतान समय पर हो जाता था, किंतु हाल के दिनों में भुगतान 10 से 15 दिन विलंब से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भुगतान में देरी से ट्रक मालिकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और कई बार उन्हें मजबूर होकर बाजार में चालान बेचने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वित्त प्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जायेगा और शीघ्र ही समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से पहल की जायेगी। इसके बाद संचालन समिति ने लॉजिस्टिक्स हेड से भी मुलाकात की और गुरूदारी कुजाम माइंस में ट्रांसपोर्टिंग से संबंधित समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। समिति ने स्पष्ट कहा कि माइंस क्षेत्र में ट्रिप वितरण में आ रही अनियमितता को जल्द दूर किया जाए तथा एग्रीमेंट के अनुसार ट्रिप उपलब्ध कराई जाए। लॉजिस्टिक्स हेड ने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में ट्रिप संबंधी समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में ईरसाद अहमद, शमशुल अंसारी, राणा प्रताप सिंह, मोहम्मद आजाद, आसिफ खान, दाऊद आलम, यूसुफ अंसारी, खुर्शीद अंसारी, जफर इकबाल, गोल्डन कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 41 वां कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन

# समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण की आवश्यकता : सच्चिदानंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशनपुर के द्वारा 41 वां कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन किया गया। मौके पर विकास भारती बिशनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि युवाओं को देश भक्ति और सामाजिक कर्तव्य से जोड़ने का माध्यम यह साइकिल रेस बना है। झारखंड के महापुरुषों जतरा टाना भगत कार्तिक उरांव के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश एवं समाज के कार्य में युवाओं को योगदान देने की आवश्यकता है। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र सर्वोपरि है और इसके लिए समर्पण की आवश्यकता होती है। लगातार 41 वें वर्षो तक कार्तिक उरांव साइकिल रेस समर्पण को दर्शाता है। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि इन कार्यक्रमों से युवाओं में प्रतियोगिता की भावना जागृत होती है और चिंगरी पहुंचकर जतरा टाना भगत के योगदान को हम सभी नमन करते हैं। युवाओं के उत्साह से देश उत्साहित होता है युवा शक्ति का जागरण है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, भिखारी भगत, प्रणव पाठक, देवेंद्र मंडल, संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृपा प्रसाद सिंह, मनोज दास, पुष्कर महतो, धनराज महतो, त्रिवेणी दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, तंबू उरांव, कलावती देवी, उमा देवी, रामस्वारथ महतो जनमजय महतो जयराम उरांव कलाकार राजेश भगत समेत कई उपस्थित थे।



**बालक वर्ग में रामविलास और बालिका वर्ग में नीमा ने मारी बाजी**

कार्तिक उरांव साइकिल रेस विजयी प्रतिभागी बालक वर्ग में प्रथम राम विलास पासवान, द्वितीय तेतरु गोप, तृतीय फगुआ उरांव, चतुर्थ पवन लोहारा, पंचम विमलेश उरांव, षष्ठम राम उरांव, सप्तम चंद्र उरांव, अष्टम उपेंद्र खड़िया, नवम लालदेव उरांव और दशम प्रेमचंद साहू आये। वही बालिका वर्ग में प्रथम नीमा कुमारी, द्वितीय नीलम कुमारी, तृतीय अंजू कुमारी, चतुर्थ सांजो कुमारी, पंचम अनिमा उरांव, षष्ठम उर्मिला कुमारी, सप्तम पुनीता उरांव, अष्टम सुखमणि कुमारी , नवम काजल कुमारी और दशम संतोषी कुमारी आयी।


# छात्रावास के जीर्णोद्धार में ठेकेदार और संबंधित पदाधिकारी पर गड़बड़ी का आरोप

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के खेल स्टेडियम के समीप एक लगभग 34 साल पुराना बिल्डिंग का डीएमएफटी फंड से जीर्णोद्धार करने का निबंधन जिला प्रशासन के द्वारा कराया गया। जिसमें लगभग चाहर दिवारी का 2482800 की प्रकलित राशि है। वही बिल्डिंग रिपेयर में 24 99700 की प्रकलित राशि है। कार्य ठेकेदारों के द्वारा कराया जा रहा है। कार्य करने के दौरान देखा गया कि बाउंड्री में भी अनियमितता है। वही बिल्डिंग रिपेयर में भी देखा गया कि सीमेंट के जगह गिट्टी का डस्ट मिलकर मसाले तैयार किया जा रहे हैं। ऐसा पूछे जाने पर कार्य कर रहे मजदूरों के द्वारा किसी तरह का कोई बात नहीं बतायी गयी। साथ ही साथ देखा गया कि कार्य क्षेत्र में बालू का भंडारण किया गया है। एक तरफ सरकार कहती है कि बरसात के दिनों में बालू का नदी से कोई उठाव नहीं किया जायेगा। जिला प्रशासन के द्वारा नियम के अनुसार एक पत्र भी आम आवाम में जारी कर सूचना दिया जाता है। जिले के सभी प्रखंडों में भी इसकी सूचना 15 जून से 15 अक्टूबर तक की समय निर्धारित कर बालू उठाओ नहीं करने की बात कही जाती है। परंतु यह एक जुमला दिखाई लातेहार जिले में पड़ता है क्योंकि कई जगहों पर सरकारी कार्य बड़े पैमाने पर चलते हैं और गैर सरकारी काम भी चल रहे हैं। परंतु देखा गया है कि बालू का भंडारण बड़े पैमाने पर किया जाता है। इससे यह प्रतीत होता है कि कानून सिर्फ पेपर में ही रहती है। इस संबंध में लातेहार डीएमओ पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बालू का भंडारण सरकारी तथा गैर सरकारी कार्य में अगर बालू का उठाव नदी से और कहीं भी अवैध रूप से भंडारण है तो यह पूरी तरह गलत है। इस संबंध में चंदवा अंचल पदाधिकारी सुमित कुमार झा ने बतलाया कि सरकारी तथा गैर सरकारी भवन निर्माण में या पीसीसी पथ निर्माण में भी अगर बालू का उठाव नदी से या कहीं भी भंडारण अवैध रूप से की गयी है तो वह गलत है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर नोटिस किया जायेगा और नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी।

## विद्या मंदिर में क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का समापन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती उत्तर-पूर्व (बिहार-झारखंड) क्षेत्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का समापन मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव में कथा-कथन, आशु-भाषण, मूर्तिकला, हस्तकला, आदर्श पत्रावाचन सहित कुल 12 प्रतियोगिताएं छह वर्गों में आयोजित हुईं, जिनमें 154 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। इसके बाद आगंतुकों को शाल, श्रीफल, डायरी और वीर बजरंगबली की स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, संघ के विभाग प्रचारक शम्मी कुमार, अखिलेश कुमार, शशिधर लाल अग्रवाल, विनोद राय, अजय प्रसाद, विवेक नयन पांडे, सुरेश चंद्र पांडेय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। प्रदेश सचिव नकुल शर्मा ने कहा कि हमें ऐसी मधुर और विनम्र भाषा बोलनी चाहिए जिससे मन का अहंकार दूर हो जाये। ब्रह्मा जी राव ने बताया कि संस्कृति बोध परियोजना के चार प्रमुख आयाम ज्ञान परीक्षा, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और चित्र साहित्य प्रकाशन हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति भावनाओं को आगे ले जाने के लिए देशभक्ति का भाव अनिवार्य है। पुरस्कार वितरण में प्रथम लोक शिक्षा समिति, बिहार, द्वितीय विद्या विकास समिति, झारखंड और तृतीय भारती शिक्षा समिति, बिहार ओवरऑल विजेता रहे। विजेता टीमें आगामी 4 से 7 नवंबर तक सीतामढ़ी (बिहार) में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## अर्जुन मुंडा ने दिव्यांगों के बीच बांटी ट्राइ साइकिल



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्र भर में चलाये जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शहर के टाउन हॉल स्थित चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यक्रम के तहत लातेहार विधानसभा आत्म निर्भर भारत सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड अर्जुन मुंडा एवं लातेहार विधानसभा विधायक प्रकाश राम के द्वारा ट्राइ साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि स्वास्थ्य डॉक्टर चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में चार दिव्यांगजनो को ट्राइ साइकिल दिया गया। ट्राइ साइकिल मिलने की खुशी में दिव्यांगजनों ने लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद एवं साधुवाद दिया।

# होटवाग अनुसूचित जनजाति विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा के लिए भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार प्रखंड के होटवाग अनुसूचित जनजाति विद्यालय में आइटीडीए विभाग के सौजन्य से अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूमि पूजन का कार्य विधायक सह झारखंड विधानसभा के सभापति रामचंद्र सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी तथा परसही पंचायत की मुखिया अनीता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा कि मेरा उद्देश्य हमारे अनुसूचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे पढ़-लिखकर समाज और राज्य को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाने में योगदान दे सकें। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति, समाज और देश तीनों का विकास संभव है, और इसके लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

मौके पर प्रमुख कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों में विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, प्रखंड अध्यक्ष मोती उरांव, मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव, श्याम यादव, अफरोज अंसारी, हसमद अंसारी, साजिद, वाजिद, प्रदीप यादव, सुनील प्रसाद, सकलदीप, मुनिप यादव, बूटी, राजीव, अखिलेश, मनोज पासवान, दानिश, जाहिद अंसारी, ज्योति प्रकाश दुबे, इमरान अंसारी, कुलदीप, ललित, पंकज, रामसेवक यादव, अनूप, रोहित एवं किशुन यादव सहित कई गणमान्य शामिल थे।

## दबंग कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सिविल सर्जन को लिखा पत्र

देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर जिले में स्वास्थ्य विभाग के भीतर व्याप्त अनियमितता और दबंगई को लेकर झारखंड चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने आवाज उठाई है। संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर कुछ कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यस्थल को छोड़कर जिला मुख्यालय में अनावश्यक जमघट लगाने, गोपनीय सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप करने और वसूली जैसे कार्यों पर रोक लगाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि अरुणा नंद झा, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारठ में प्रतिनियुक्त प्रोजेक्शनिष्ठ सहायक हैं, वे सदर अस्पताल देवघर में ही बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर पोस्टमार्टम/इंजरी कार्यालय में बैठकर वसूली करते हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनकी प्रोन्नति प्रक्रिया में भी कई अनियमिततायें रही हैं। इसी तरह, मनीष कुमार सिंह, जो पालोजोरी में लिपिक के पद पर पदस्थापित हैं, वे भी देवघर में ही विभिन्न कार्यालयों से बायोमेट्रिक दर्ज कर सिविल सर्जन कार्यालय एवं सदर अस्पताल में कार्य कर रहे हैं। उनके ऊपर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पारिश्रमिक में गड़बड़ी और करीब 35 लाख रुपये मासिक गबन के आरोप लगाये गये हैं।

# छठ घाटों के किनारे से तुरंत बालू उठाव रुके : अरुणा



### इस बार गोताखोरों की उपलब्धता प्रशासन अवश्य करें : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को मेदिनीनगर शहर के मुख्य छठ घाट कोयल रिवर फ्रंट की व्यवस्था देखने पहुंची और कहा कि कोयल में पानी काफी है, साथ ही लोकल लोगों के द्वारा बालू उठाव के कारण कोयल का किनारा काफी गहरा हो गया है, जहां छठ व्रतियों को छठ करना मुश्किल होगा। इसे तुरंत प्रशासन को संज्ञान में लेकर कोयल तट को ठीक करना चाहिए अन्यथा छोटे-छोटे बच्चों के डूबने की भी संभावना है। प्रथम महापौर ने कहा कि यही हाल लगभग पंपू कल छठ घाट और अमानत का भी है। प्रथम महापौर ने कहा कि निगम द्वारा सफाई का कार्य चल रहा है जो लगता है समय पर पूरा हो जायेगा और दीपावली के बाद जहां-जहां निगम घाटों की सफाई नहीं कर पायेगा, मैं स्वयं अपना जेसीबी भेज कर अपनी सहभागिता निभाऊंगी। छठ पर्व हम हिंदुओं का सबसे बड़ा पर्व है, जहां पूरे शहर की सफाई की आवश्यकता होती है क्योंकि छठ करने वाले लोग पूरा रोड़ पर लेट कर सूर्य की वंदना करते हैं। प्रथम महापौर ने नदी में काफी पानी होने के चलते प्रशासन से भी अनुरोध किया है। इस बार विशेष गोताखोरों को अमानत, कोयल रिवरफ्रंट और पंपू कल छठ घाट में नियुक्त किया जाये, जिसकी तैयारी अभी से करनी होगी।

## गीता मंदिर, दुर्गा मंडप से जुड़ी है हिंदुओं की भावना : अरुणा शंकर



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को हाई कोर्ट से आये आदेश के आलोक में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब सर्किल ऑफिस के लोगों ने गीता मंदिर और दुर्गा मंडप के बाहर बनी दुकानों को तोड़ने पहुंचे। इस बात की जानकारी जब प्रथम महापौर अरुणा शंकर को हुई, तो उन्होंने सभी दुकानदारों से बात की फिर उपायुक्त पलामू से मिलने उनके कार्यालय गयीं और उनसे मिलते हुए अनुरोध किया कि गीता मंदिर और दुर्गा मंडप पचासों वर्ष पूर्व से हिंदुओं के आस्था का केंद्र है। दुर्गा मंडप में जहां कई छोटे-छोटे कार्यक्रम होते हैं वहीं कायस्तों का चित्रगुप्त पूजा जो तुरंत दिवाली के बाद है। इस प्रांगण से किया जाता है और यह सिर्फ एक मंदिर नहीं कायस्तों की आस्था का केंद्र है। ऐसे वक्त में उपायुक्त से अनुरोध है कि कुछ समय इन लोगों को दे दी जाये। प्रथम महापौर ने कहा कि भाजपा की तमाम रैलियां या शुभ कार्यों का शुभारंभ भी इसी मंदिर प्रांगण से किया जाता है। इसे सभी लोगों को मिलकर तोड़फोड़ होने से बचाने की आवश्यकता है। उपायुक्त से मिलने के बाद प्रथम महापौर ने बताया कि उपायुक्त ने सकारात्मक भरोसा दिलाया है।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मिठाइयों की जांच की



जांच करते पदाधिकारी।

विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार गुप्ता ने मंगलवार को बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के कई होटलों में जाकर मिठाईयों का जांच किया। जांच के दौरान साफ - सफाई की कमी पायी गयी। जिसे दुरुस्त करने के लिए होटल संचालकों को निर्देशित किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि यह विशेष जांच अभियान दीपावली पर्व को लेकर किया जा रहा है। हालांकि मिलावटी मिठाई कहीं नहीं पायी गयी है। बावजूद सेंपल लिया गया है। जिसे गहन जांच के लिये लैब में भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह विशेष जांच अभियान अभी लगातार जारी रहेगा।

## नगर परिषद ने शुरू किया छठ घाटों का सफाई अभियान

विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा छठ घाटों की सफाई का अभियान मंगलवार से शुरू किया गया। नगर प्रबंधक प्रभात कुमार के देख-रेख में मंगलवार को कोसियार छठ घाट से सफाई अभियान की शुरूआत हुयी। नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह के आदेशानुसार विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, सुपरवाइजर दीपक वर्मा, सुमित गुप्ता, मुबारक, अल्ताफ अंसारी, छोटू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी को मातृशोक



दिवंगत मृदुला देवी की फाइल फोटो।

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र अंतर्गत अररुआ खुर्द निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी बबलू गुप्ता और जेपी गुप्ता की 72 वर्षीय माता मृदुला देवी का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। दिवंगत मृदुला देवी का अंतिम संस्कार थाना रोड स्थित बटाने नदी घाट पर किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र सोनू गुप्ता ने दी। शोक व्यक्त करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल गुप्ता, मनदीप दास, निरंजन गुप्ता, चितरंजन गुप्ता, पवन कुमार, संजीव कुमार के अलावा राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, राजद महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कुशवाहा संगीता, रंजीत पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर जपला में विदाई समारोह



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में मंगलवार को अंग्रेजी के आचार्य कमलेश्वर सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि मैं इस विद्यालय का पुरातन छात्र रहा हूं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, कामख्या नारायण सिंह, सतीश सिंह, आलोक कुमार, अजय गुप्ता, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भूमि दाता अधिवक्ता स्व चंद्रेश्वर प्रसाद के पिताजी की प्रतिमा स्थापना हेतु शिलान्यास भी संपन्न हुआ।

# चार दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई चोरी की एफआइआर, एमओ पर गबन का शक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम में खिड़की तोड़कर चोरी का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। यह घटना लगभग चार दिन पुरानी बतायी जा रही है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) द्वारा इस संबंध में न तो पुलिस को सूचना दी गई है और न ही किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

सूत्रों के अनुसार, एफसीआई गोदाम की खिड़की टूटी पायी गयी है और लगभग 60 बोड़ा चावल गायब बताया जा रहा है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि इस चोरी की घटना में एमओ सर्जुन राम की भूमिका संदिग्ध है और उन्हीं की मिलीभगत से यह चोरी संभव हो सकी है। यही कारण बताया जा रहा है कि एमओ ने न तो प्राथमिकी दर्ज कराई और न ही उच्चाधिकारियों को समय पर इसकी सूचना दी।

इस पूरे घटनाक्रम से प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया है। जनचर्चा है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाये तो चावल की गबन का बड़ा खुलासा हो सकता है। वहीं अधिकारियों की चुप्पी और एमओ की उदासीनता से प्रशासनिक कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### एमओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वे एफआइआर दर्ज करायें : बीडीओ

इस मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) विनय कुमार ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि एमओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वे एफआईआर दर्ज करायें। बावजूद इसके, अब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गयी है। बीडीओ ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेने की बात भी कही है।

### गोदाम पूरी तरह सुरक्षित है : एमओ सर्जुन

वहीं दूसरी ओर जब आजाद सिपाही संवाददाता ने मामले में एमओ सर्जुन राम से संपर्क किया, तो उन्होंने किसी भी प्रकार की चोरी या खिड़की टूटने की बात को सिरे से नकारते हुए कहा कि गोदाम पूरी तरह सुरक्षित है। न तो कोई चोरी हुई है और न ही खिड़की टूटी है।

# न्यूरोसर्जन डॉ अरुण कुमार देश-विदेश में कर रहे हुसैनाबाद क्षेत्र का नाम रौशन

### शीघ्र ही डॉ अरुण कुमार हुसैनाबाद क्षेत्र में भी देंगे अपनी सेवाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद प्रखंड के खाप गांव निवासी न्यूरोसर्जन डॉ अरुण कुमार स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवायें देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ अरुण कुमार वर्तमान में रांची के पारस हॉस्पिटल में सीनियर न्यूरोसर्जन के रूप में कार्यरत हैं। इसके पूर्व सेंफोर्ड हॉस्पिटल सहित कई प्रतिष्ठित अस्पताल में अपनी सेवायें दे चुके हैं।

ज्ञात हो कि डॉक्टर अरुण कुमार अपने कार्यकाल में कई अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। विगत वर्ष



न्यूरोसर्जन डॉक्टर अरुण कुमार।

2024 के मई महीने में डॉ अरुण कुमार ग्लोबल स्पाइन कांग्रेस, बैंकॉक में भाग लेकर अपना शोध पेपर प्रस्तुत कर चुके हैं। विदित हो कि ग्लोबल साइंस कांग्रेस हजारों अंतरराष्ट्रीय स्पाइन सर्जनों के लिए सबसे बड़ी सभाओं में से एक है। यहां विचारों के आदान-प्रदान के साथ पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने और रीढ़ की सर्जरी में नवीनतम शोध और प्रौद्योगिकीयों के बारे में जानने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है।

बताते चलें कि डॉक्टर अरुण कुमार न्यूरो में 15 वर्षों से ज्यादा समय का इनका अनुभव रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह अपनी सेवाएं हुसैनाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में कैम्प लगाकर देंगे। साथ ही वैसे मरीज जिनको न्यूरो से संबंधित बीमारी में सर्जरी की जरूरत पड़ेगी उसे रांची के पारस अस्पताल में बहुत ही कम खर्चे में उस मरीज का इलाज किया जायेगा। साथ ही हुसैनाबाद के शहरी क्षेत्र में भी महीने के एक दिन वह अपनी सेवायें देंगे। उसके लिए स्थान का चयन किया जा रहा है।

## देवघर में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' का आयोजन

# जमुआ विधायक ने स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के शिव वाटिका परिसर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के तहत विधानसभा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमुआ विधायक डॉ. मंजू कुमारी एवं प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से पूरा परिसर देशभक्ति, जोश



और उमंग से गूंज उठा। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा लिख रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक सशक्तिकरण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक है। हमें 'हर घर स्वदेशी' का संकल्प लेकर भारत को सशक्त राष्ट्र बनाना होगा।

प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता अब भारत के राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा बन चुकी है। आज पूरी दुनिया भारत को नये नजरिए से देख रही है - यह हमारे आत्मविश्वास, स्वदेशी भावना और संगठन शक्ति का परिणाम है। जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भारत के पुनर्जागरण का मार्ग है। जब हम अपने स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और संसाधनों को प्राथमिकता देंगे, तभी भारत सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर बनेगा। 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' केवल नारा नहीं, बल्कि भारत के उत्थान की दिशा में एक विराट आंदोलन है। मौके पर अधीर चंद्र भैया, कन्हैया झा, राजीव रंजन सिंह, प्रज्ञा झा, तुफान महथा, विजया सिंह, विनय चंद्रवंशी सहित अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में मुन्ना सिन्हा पर जानलेवा हमला, मौत



पांकी (आजाद सिपाही)। पांकी प्रखंड के झामुमो अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा पर जानलेवा हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल मुन्ना सिन्हा को स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए पांकी सीएचसी ले जाया गया, जहां बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते मे उनकी मौत हो गयी। एमएमसीएच अस्पताल पंहुचने पर चिकित्स्कों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पांकी पुलिस मौके पर पंहुची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना सिन्हा का पिछले कुछ दिनों से गांव के लोगों से जमीन विवाद चल रहा था। मंगलवार को हुए ट्रैक्टर लेकर उक्त जमीन को जोतने पंहुचे थे। जहां कहासुनी होने के बाद विवाद बढ़ गया, तभी अचानक दूसरे पक्ष ने उन पर हमला कर दिया।

# छठ पूजा गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं का ऑटो पलटा, एक की मौत, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि कई लोग घायल हो गये। यह हादसा बिहार के बांका जिले के कटोरिया बाजार के समीप हुआ, जहां श्रद्धालुओं से भरी एक ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना में मृतक की पहचान देवघर निवासी कन्हैया प्रसाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, छठ पर्व को लेकर पूरा परिवार गंगा स्नान के लिए सुल्तानगंज जा रहा था। ऑटो कटोरिया के पास पहुंची ही थी कि चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह पलट गयी।





स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल देवघर पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने कन्हैया प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी गयी। घटना की सूचना मिलते ही बैद्यनाथधाम ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के घर में छठ पूजा की तैयारी चल रही थी, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। स्थानीय ग्रामीण रवि रावत ने बताया कि सड़क पर भारी वाहन आवागमन और तेज रफ्तार के कारण आये दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क पर स्पीड कंट्रोल उपाय और नियमित पेट्रोलिंग की मांग की है।

# मुख्यमंत्री से मिले आवश्यकता आधारित प्राध्यापक संघ के प्रतिनिधि, रोजगार सुरक्षा को लेकर दिया ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** सिद्धो-कान्हू-मुर्मू विश्वविद्यालय आवश्यकता आधारित प्राध्यापक संघ तथा राजकीय पॉलीटेक्निक एवं राजकीय महिला पॉलीटेक्निक आवश्यकता आधारित व्याख्याता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व दीदी सबिता टुडू, केंद्रीय समिति सदस्य, महिला मोर्चा जिला सचिव एवं झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदस्य ने किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को आवश्यकता आधारित प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आगामी विज्ञापन जारी होने के बाद सभी आवश्यकता आधारित प्राध्यापकों की सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी, जिससे पिछले 8, 6, 4 या 1 वर्ष



से निष्ठापूर्वक कार्यरत शिक्षकों के सामने रोजगार संकट खड़ा हो जायेगा। यह स्थिति उनके जीवन-निर्वाह पर गहरा प्रभाव डालेगी।

प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, हरियाणा आदि राज्यों में लागू की गयी सकारात्मक नीतियों की हार्ड कॉपी भी मुख्यमंत्री को सौंपी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे विषय को गंभीरता से सुना और कहा कि, 'अच्छा हुआ आप लोग आये, अब इस विषय पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जब अन्य राज्यों में सकारात्मक पहल हुई है, तो हमारे राज्य में भी यह संभव है।' इस प्रतिनिधिमंडल में संघ की ओर से अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ यादव, सचिव होरेन हांसदा, डॉ अविनाश हांसदा, सिद्धौर हासदा, डॉ सत्यम कुमार, तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज की ओर से अध्यक्ष मोहम्मद एजाज आलम, विकास कुमार, सुसाना किस्कू, और अनीषा राय शामिल थीं। अवसर पर संघ की ओर से मुख्यमंत्री को एक स्मृति-चित्र भेंट किया गया।

# देवघर में कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान जोरों पर

## अब तक 40 हजार लोगों ने किया समर्थन

### मुकुंद दास ने बताया कि जिले के 194 पंचायतों में से 164 पंचायतों में जीपीसीसी का गठन पूरा हो चुका है, वहीं 59 वार्डों में से 31 वार्डों का गठन किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता





**देवघर।** देवघर जिले में कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी (जीपीसीसी) के गठन को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकुंद दास ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि नयी जिम्मेवारी मिलने के बाद से संगठनात्मक कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। पार्टी के सहयोग से हर प्रखंड, नगर और मंडल में अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया है। मुकुंद दास ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे इस जन आंदोलन को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। अब तक देवघर जिले के सभी प्रखंडों और नगर क्षेत्रों में करीब 40 हजार मतदाताओं ने इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया है। जिला कांग्रेस का लक्ष्य एक लाख हस्ताक्षर जुटाने का है, जिसे पूरा करने पर पूरा ध्यान केंद्रित है। उन्होंने बताया कि जिले के 194 पंचायतों में से 164 पंचायतों में जीपीसीसी का गठन पूरा हो चुका है, वहीं 59 वार्डों में से 31 वार्डों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विरोध देश की वर्तमान कानून व्यवस्था और जनविरोधी नीतियों से है, जिनके खिलाफ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी संघर्षरत हैं।

इस मौके पर डॉ मुन्नम संजय, प्रो उदय प्रकाश, दिनेश कुमार मंडल, रवि केशरी, रवि गुप्ता, अमित पांडेय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने कहा कि अभियान को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचाकर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की जा रही है।

# महामंडलेश्वर बाबा कैलाशानंद गिरी जी महाराज से ध्रुव प्रसाद ने लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** हरिद्वार स्थित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 बाबा कैलाशानंद गिरी जी महाराज के आश्रम में महापौर प्रत्याशी ध्रुव प्रसाद साह ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा कैलाशानंद गिरी की पवित्र उपस्थिति में उन्हें एक अद्भुत ऊर्जा, आत्मिक शांति और सकारात्मकता का अनुभव हुआ। बाबा के सान्निध्य में ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि उनके आशीर्वाद से उन्हें यह विश्वास मिला है कि वे देवघर के विकास और समृद्धि के लिए बड़े कार्यों की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

ध्रुव प्रसाद साह ने बताया कि हरिद्वार प्रवास के दौरान उन्होंने दस दिनों तक गंगा स्नान और



महामंडलेश्वर बाबा कैलाशानंद गिरी जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते महापौर प्रत्याशी ध्रुव प्रसाद साह।

पूजा-अर्चना की। कार्तिक मास के प्रथम दिन से आरंभ इस पावन यात्रा में उन्होंने हरिद्वार के प्रमुख मंदिरों में दर्शन किये और देवघर की उन्नति की कामना की। विशेष रूप से उन्होंने दक्षिण काली माता मंदिर में पूजा कर माता के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की और नगर की खुशहाली व जनकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि हरिद्वार की पवित्र भूमि पर बिताये गये इन दस दिनों ने उन्हें नयी आध्यात्मिक ऊर्जा और संकल्प शक्ति प्रदान की है। गंगा के तट पर ध्यान और साधना के क्षणों में यह अनुभव हुआ कि श्रद्धा और सेवा का संगम ही समाज और नगर के विकास का सच्चा मार्ग है।

## एएसआइ सुमन तिर्की ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मार की आत्महत्या

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बियार बरटोली निवासी एएसआइ सुमन तिर्की ने राजगीर थाना परिसर स्थित पुलिस बैरक में अपनी ही सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुमन तिर्की पिछले एक वर्ष से राजगीर थाना में डायल 112 आपातकालीन सेवा में तैनात थे। घटना की जानकारी मिलते ही वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए बुलाया गया। राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल घटना की गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है। सूचना मिलते ही मृतक के छोटे भाई जॉन आजाद तिर्की, जो सीआरपीएफ में जवान हैं, भी राजगीर के लिए रवाना हो गये हैं। गौरतलब है कि सुमन तिर्की का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व हुआ था, जबकि उनके माता-पिता का देहांत पहले ही हो चुका है।

# जन शिकायत निवारण दिवस में 50 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये और उपायुक्त से मुलाकात की।

जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान कई आवेदकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित विषय रखे। पालकोट प्रखंड के सकतार ग्राम की जल सहिया निर्मला कुजूर ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र में लगभग 98 शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया है, परंतु अब तक उन्हें लगभग 17,000 की बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ है। उपायुक्त ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

सिसई प्रखंड के बिंदेश्वर हजाम ने अपने आवेदन में यह बताया कि उनके बिजली मीटर में दो उपभोक्ता संख्या दर्ज हैं, जिससे भविष्य में बिलिंग और भुगतान में समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बसिया प्रखंड के शिवशंकर महतो ने शिकायत की कि उनके आठ डिसमिल जमीन पर कुछ स्थानीय लोगों द्वारा सड़क निर्माण कर उसका उपयोग किया जा रहा है तथा उन्हें धमकी भी दी जा रही है। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक सहयोग की मांग की।

गुमला निवासी जयंती लकड़ा ने बताया कि कुछ भू-माफियाओं द्वारा उनके भूमि को हड़पने के उद्देश्य से उन्हें धमकी दी जा रही है। पारिवारिक आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं पति के बीमार रहने की वजह से उन्होंने प्रशासन से सहयोग की मांग की। उपायुक्त ने इस संबंध में संबंधित अंचल अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भरनो प्रखंड के कुम्हरों गांव निवासी रविंद्र उरांव ने बताया कि उनके भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि एनएच-43 के तहत मुआवजा राशि भी उसी व्यक्ति द्वारा नकली रसीद और वंशावली के माध्यम से प्राप्त कर ली गयी है। उपायुक्त ने इस प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

जन शिकायत निवारण दिवस में चार दिव्यांग आवेदक भी उपस्थित हुए जिन्होंने बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की मांग की। उपायुक्त के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल उन्हें ट्राइसाइकिल उपलब्ध करायी गयी।

नवाडीह मुख्य पथ से पड़की टोली तक सड़क निर्माण एवं खटवा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु उप विकास आयुक्त को निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त जन शिकायत निवारण दिवस में पेंशन, राशन, विभिन्न योजनाओं का लाभ, रोजगार, भूमि विवाद एवं आपसी मतभेद से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की एवं प्रत्येक आवेदन पर आवश्यक तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने करायी जांच



घाघरा (आजाद सिपाही)। जिला आयुष समिति के तत्वावधान में घाघरा प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में होम्योपैथी पद्धति के चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों की जांच की। साथ ही इससे बचाव और उसके उपायों की जानकारी दी। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच करवायी। होम्योपैथी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को बताया कि जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों के दर्द जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं। इनसे बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और पर्याप्त नींद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी दवाएं शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में प्रभावी होती हैं और इनके कोई दुष्प्रभाव नहीं होते। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरण किया गया और रोगों की प्रारंभिक पहचान के महत्व पर जोर दिया गया। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की कि किसी भी छोटी बीमारी को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच करायें। इस अवसर पर आयुष विभाग के डॉक्टर मंजरी, अनिल और कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

## एसडीओ ने बस स्टैंड में की छापेमारी विक्रेता और शराबी फरार



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर एसडीओ राजीव नीरज ने मंगलवार की अपराह्न शहर के ललित पड़ाव बस स्टैंड पहुंचकर छापेमारी की। आजाद सिपाही के रिपोर्टर द्वारा दी गयी सूचना पर उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ ने यह कार्रवाई की एसडीओ व पुलिस बल को देखते ही शराब का सेवन कर रहे लोग फरार हो गए वही शराब बेचने वाले लोग भी सामग्री छोड़कर निकल गए। बता दे की दो-तीन दिन पूर्व बस स्टैंड के यात्री शेड में छत्तीसगढ़ के मजदूर के साथ 6 लड़कों ने लूटपाट की थी 20000 नगद और एक मोबाइल को लूटकर फरार हो गये थे। वही चारदीवारी को तोड़कर रास्ता बना दिया गया है जिससे नशाखोर आते जाते हैं पुलिस के पहुंचते ही सभी फरार हो गए एसडीपीओ ने बताया नशा व अपराध के विरुद्ध आगे भी इस प्रकार की जांच की जायेगी।

## महामाया संघ केदार बागान में श्रीकाली पूजनोत्सव का करेगा आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। महामाया संघ डीएसपी रोड गुमला के द्वारा प्रत्येक वर्ष डीएसपी रोड सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के समीप श्रीकाली पूजा का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन इस वर्ष समिति के द्वारा श्रीकाली पूजा का आयोजन केदार बगान गुमला में किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष विनीत कुमार नाग ने बताया कि चार दिवसीय श्रीकाली पूजा का शुभारंभ 20 अक्टूबर को होगा और 23 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के साथ पूजन उत्सव संपन्न होगा। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पूजन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण, आकर्षक विद्युत सज्जा, भंडारा की तैयारी क्लब के द्वारा जोर-जोर से की जा रही है।

## डीएवी गुमला के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने नेशनल के लिए किया क्वालिफाई




गुमला (आजाद सिपाही)। डीएवी स्पोर्ट्स 2025 में स्टेट लेवल की प्रतियोगिताओं में डीएवी गुमला के खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 50 से अधिक खिलाड़ियों ने नेशनल के लिए क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि एक दिन के अभ्यास से चमत्कारी परिणाम नहीं आता है। इसके लिए कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि डीएवी गुमला के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि डीएवी गुमला के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल के लिए क्वालिफाई किया है। इनमें फुटबॉल गर्ल्स अंडर 14 एवं 17, फुटबॉल अंडर 14 बॉयज, खो खो गर्ल्स अंडर 14 एवं 19, रोप स्कीपिंग गर्ल्स तथा बॉयज और रेसलिंग तथा एथलेटिक्स शामिल हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि आपकी पढ़ाई और खेल उपलब्धियां साथ-साथ चलनी चाहिए। दोनों में संतुलन बनाकर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और एक सफल व्यक्ति बन सकते हैं। अपनी मेहनत और लगन से दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करें। सम्मान समारोह में खिलाड़ियों के साथ ह्लभारत को जानो प्रतियोगिताह्व में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए गायन टीम को को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक एस के पटनायक, करमवीर, संगीत शिक्षक कौशल किशोर महाराज, एस्कॉर्ट्स पूजा कुमारी, हर्षिता, मिथिलेश कुमार दुबे, पूजा शुक्ला,सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ भी उपस्थित थे।

## कुलाबीरा पतिया में घर से नगद और सामान की चोरी


आवेदक पूर्णिमा महली।

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र के कुलाबीरा पतिया ग्राम निवासी पूर्णिमा महली ने अपने घर में हुई चोरी की शिकायत गुमला थाना में दर्ज करायी है। पूर्णिमा महली ने बताया कि 13 अक्टूबर को वह अपने बच्चों के साथ पड़ोसी गांव कसीरा गयी हुई थीं। अगले दिन यानी 14 अक्टूबर की सुबह लगभग सात बजे जब वह घर लौटीं, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर जांच करने पर पता चला कि पांच बोरा बादाम, तीन बोरा चावल, चांदी का पायल-बिछिया और नकद 17 हजार रुपये चोरी हो गये हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में भी चिंता का माहौल है। पूर्णिमा महली ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गये है।

# बैजनाथ जालान कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की

आजाद सिपाही संवाददाता




सिसई। बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में दस दिवसीय एनसीसी कैंप में मंगलवार को दैनिक रुटीन और फिजिकल प्रशिक्षण के साथ कैडेटों द्वारा खेल कूद एवं सांस्कृतिक नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत योग गुरु गजराज महतो के द्वारा कैडेटों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग के माध्यम से निरोग रहने, औषधीय पौधों के उपयोग एवं लाभ के बारे में विशेष जानकारी दी गयी। जिप सदस्य सिसई उतरी विजयकुमारी लक्ष्मी ने कहा कि अच्छी दिनचर्या अनुशासन और अच्छे आचरण से हम सभी अच्छा इंसान बन सकते हैं। यह ग्रामीण क्षेत्र है। आप लोग किसान के बच्चे हैं और खेती से आय पर ही आप निर्भर हैं। इसलिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। नैतिक, सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक स्तर पर अपने आप को आगे बढ़ाये। विद्यालय, महाविद्यालय में जो भी सरकारी सुविधाएं प्राप्त है, उसका लाभ जरूर उठायें और अपने अच्छे भविष्य का निर्माण करें।

गुमला डीटीओ ज्ञान शंकर ने सड़क सुरक्षा के नियम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभिभावकगण 18 वर्ष से कम उम्र के अपने बेटे बेटियों को मोटरसाइकिल न चलाने दें तथा वयस्क मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट जरुर पहने। ड्राइविंग लाइसेंस साथ लेकर चलें। आवश्यकता से अधिक तेजगति से वाहन न चलाये। सभी सड़क सुरक्षा नियम का पालन अवश्य करें। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने भी सुरक्षित जीवन जीने के लिए अच्छी आदत डालने एवं जागरूक नागरिक बनने पर विशेष चर्चा की। वहीं अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में औषधीय पौधा लगाया गया। मौके पर कमान अधिकारी लेट्ट कर्नल पी बी शर्मा, सुबेदार मेजर वी एल अमोका, कॉलेज के प्रधान लिपिक सुरेश साहु, सुबेदार श्याम सुंदर, सुबेदार भोला प्रसाद शर्मा, सुबेदार जवाहर शाह, सुबेदार लवेश कुमार सहित सभी एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

## कुआं में गिरकर युवक की मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हापामुनि गांव में कुआं में गिरकर हापामुनी ग्राम निवासी युवक जगदीश उरांव की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मृतक के पिता देवरिया उरांव ने बताया कि उसके पुत्र जगदीश का सोमवार की शाम मानसिक संतुलन खराब हो रहा था। बहकी बहकी बात बोल हरकत कर रहा था। इसके बाद उसके मानसिक स्थिति को देखते हुए घर में खाना खिलाकर सुलाया गया। मंगलवार को प्रातः वह 5 बजे उठा। जिस समय उसका मानसिक स्थिति ठीक था। वह घूमने के लिए निकला। इसके बाद घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर एक कुएं में गिर गया। कैसे गिरा कारण यह जानकारी स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गयी कि उक्त कुएं में एक युवक गिर गया है जिसके बाद कुएं के पास जाकर झागर के माध्यम से खोजबीन की गयी। जब उसे निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच। शव को पोस्टमार्टम में के लिए गुमला भेज दिया।

## मुख्तार आलम ने कई ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने बताया कि गुमला जिला प्रखंड कमडरा, बसिया और गुमला से कई ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर उनके कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि कई महीनो से कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। संबंधित पदाधिकारी लगातार कुछ ना कुछ बहाना बनाकर अपनी जिम्मेवारी से भागते है, और ग्रामीणों को आए दिन परेशान करते हैं। मुख्तार आलम ने विभाग के संबंधित पदाधिकारी से फोन में वार्तालाप किया और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। कुछ समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू की गयी है, जिनका कुछ दिनों में समधान हो जायेगा। साथ ही साथ मुख्तार आलम ने कहा की पदाधिकारी अपनी दायित्व को अच्छे से निर्वहन करें, आम जनता को बिल्कुल भी परेशान ना करें, नहीं तो ऐसे पदाधिकारी को चिन्हित करेंगे और उस पर पार्टी स्तरीय करवाई की जायेगी।

## पागल कुत्तों का आतंक, बच्चे को काटकर किया घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के कोटाम गांव निवासी 7 वर्षीय विवेक नायक पागल कुत्ते के काटने से बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद घायल छात्र को परिजन तत्काल सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 9 बजे विवेक घर के समीप खेल रहा था तभी एक पागल कुत्ता अचानक वहां पहुंचा और छात्र पर हमला कर दिया। कुत्ता छात्र के चेहरे को दांतो से नोचने लगा। छात्र के चिल्लाने पर परिजन व आसपास के लोग दौड़े दौड़े आये और कुत्ते को मार कर भगाया।


Annexure1
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

e-Procurement portal
Tender Reference No. WRD/MID/ RAMGARH F2 - 05/2025-26 Date :- 14/10/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Bhukbhukwa Boro Nala Block-Bishnugarh, Dist-Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 70.402 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 24/10/2025 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 07/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 07/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 10/11/2025 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 364129 (Minor Irrigation)25-26*D



**सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा**

**''आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना'' अन्तर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक पद के नियुक्ति हेतु संशोधित Walk-in-Interview की तिथि के प्रकाशन संबंधी सूचना।**

''आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना'' अन्तर्गत जिला कार्यक्रम समन्वय पद का संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 08.10.2025 को उपायुक्त, सिमडेगा की अध्यक्षता में PR No. 362362 (Simdega) 2025-26*D के द्वारा Walk-in-Interview आयोजित था, जो अपरिहार्य कारणो से नहीं हो पाया था। आवेदन प्राप्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि संशोधित तिथि दिनांक 16.10.2025 को समाहरणालय सभागार में पूर्वाहन 11 बजे से Walk-in-Interview आयोजित है, संबंधित सूचनाएँ जिला के वेबसाईट https://www.simdega.nic.in तथा सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा के सूचनापट्ट पर प्रकाशित कर दी गयी है।

आवेदन प्राप्त अभ्यर्थियों को निदेशित है कि अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 16.10.2025 के पूर्वाह्न 11.00 से समाहरणालय सभागार में उपस्थित रहेंगे। उक्त तिथि को अनुपस्थित रहने पर आपका आवेदन रद्द समझा जायेगा।

ह0/–
सिविल सर्जन,
सिमडेगा।

PR 364111 (Simdega) 25-26 (D)


# गुमला में तंबाकू मुक्त समाज के लिए 60 दिवसीय जन अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। नशा मुक्त युवा, स्वस्थ समाज के संदेश के साथ राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल गुमला के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के 11 प्रखंडों से चार-चार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और एक-एक एसटीएस (सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर) ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू और नशे की लत से मुक्त करना, शैक्षणिक संस्थानों – स्कूलों और कॉलेजों के 100 गज के दायरे को लाल रंग से 'तंबाकू निषेध क्षेत्र' घोषित करना, और प्रत्येक पंचायत एवं ग्राम को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है। यह विशेष जनअभियान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार 9 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 9 दिसंबर तक यानी 60 दिनों तक जिलेभर में संचालित किया जायेगा। अभियान के दौरान जन-जागरूकता रैलियां, पोस्टर प्रदर्शनी, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर ने किया। कार्यक्रम में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ केके मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ अनुपम किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू का सेवन शरीर के लिए धीमा जहर है, जो कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और फेफड़ों की बीमारियों जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बनता है। उन्होंने कहा की यदि हम आज जागरूक नहीं हुए, तो हमारी आने वाली पीढ़ी गंभीर स्वास्थ्य संकट से जूझेगी।

वहीं, डॉ केके मिश्रा ने कहा कि तंबाकू सेवन समाज के लिए महामारी की तरह फैल चुका है। इसे समाप्त करने के लिए केवल स्वास्थ्य विभाग नहीं, बल्कि समाज के हर तबके की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा की तंबाकू मुक्त समाज तभी संभव है जब हर व्यक्ति स्वयं इसके खिलाफ खड़ा हो और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। प्रशिक्षण की मुख्य प्रशिक्षक वंदना और सुमन पर्सनालिटी ने प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों, उनके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और सरकार द्वारा बनाये गये सिगरेट और अन्य टोबैको प्रोडक्ट्स एक्ट के नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से यह शपथ ली कि वे स्वयं तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके सेवन से रोकने का हर संभव प्रयास करेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग, नगरीय प्रशासन निदेशालय**
दुरभाष : 0651–2401955, फैक्स: 2401182, ई–मेल : director.ma.goj@gmail.com

पत्रांक–01/सा0स्था0–27/2024 न0वि0आ0..1403 राँची/दिनांक–..14.10.2025

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार विज्ञापन सं0–4/न0वि0/गठन/117/2014/5579 दिनांक 27.12.2024 द्वारा झारखण्ड क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, राँची अंतर्गत अपीलीय न्यायाधीकरण के सदस्य (प्रथम) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके आलोक में निम्नांकित अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए है:–

| | |
|---|---|
| 1..**Arun Kumar Rana** , H.No.-19, Road No. -1, Bank Colony, Tangrato li, Booty More, Ranchi-835217, | 6- **Rakesh Kumar Srivastava** , B-906, Panchwati Residansi, Chandini Chouk, kanke Road |
| 2- **Ravi Sahay,** Ramnath Enclav Appartment, Harihar Singh Road, Morabadi, Ranchi-834008 | 7- **Ram Pyar Prasad,** H.No.-4B, Block-A, Global Residency, Argora Ranchi-834002, |
| 3- **Jai Prakash Choudhary,** Maharshi Mehi Nagar, Gita Devi DAV School Road, Kaster Town, Deoghar- 814112, | 8- **Ashok Kumar**, Ranchi |
| 4- **Laxmi Narayan Singh** , Patna | 9- **Pramod Kumar,** Ranchi. |
| 5- **Umesh Kumar,** Ranchi. | |

अतः उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक 16.10.2025 को 01.00 बजे अपराह्न में नगरीय प्रशासन निदेशालय , जुपमी भवन, प्रथम तल, धुर्वा राँची में विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हता से संबंधित मूल प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों के साथ ससमय उपस्थित होने की कृपा की जाय।

ह0/–
सहायक निदेशक,
नगरीय प्रशासन निदेशालय

PR 364085 Urban Development and Housing(25-26)#D

## एचआइवी जागरूकता और जांच शिविर का आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अपने प्रमुख स्वास्थ्य पहल प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत इएसएल स्टील लिमिटेड ने गिधतांड मोड़ (प्लांट गेट के पास) में सोमवार को एचआइवी/ एड्स जागरूकता एवं नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सिटिजन्स फाउंडेशन, वन स्टॉप ऑर्गनाइजेशन और जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जो समुदायों में स्वास्थ्य जागरूकता और सशक्तिकरण के प्रति ईएसएल की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस पहल के तहत लगभग 30 लाभार्थियों जिनमें ट्रक चालक और बाहरी श्रमिक शामिल थे को नि:शुल्क और गोपनीय एचआईवी जांच, परामर्श तथा जागरूकता सत्र की सुविधा प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था प्रारंभिक पहचान को बढ़ावा देना, सामाजिक कलंक को कम करना और एचआईवी की रोकथाम व उपचार के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय कदम उठा सकें। मई, जुलाई और अक्टूबर माह में, क्रमश: गिधतांड मोड़ और प्लांट के गेट के पास में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों से अब तक 100 से अधिक लाभार्थी, ट्रक चालक एवं बाहरी श्रमिक लाभान्वित हो चुके हैं, जिन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गयी। इस अवसर पर इएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर हेड कुनाल दारीपा ने कहा कि इएसएल में हमारा मानना है कि असली प्रगति की शुरूआत अच्छे स्वास्थ्य से होती है। प्रोजेक्ट आरोग्य के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं हमारे समुदाय के सबसे दूरस्थ हिस्सों तक पहुंचे। यह एचआइवी/ एड्स जागरूकता अभियान हमारे निवारक स्वास्थ्य सेवाओं और एक अधिक जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सीएसआइआर सिंफर में जांच एवं प्रतिवेदन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सीएसआइआर – सिंफर, बरवा रोड परिसर, धनबाद में जांच एवं प्रतिवेदन विषय पर कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक सिद्धार्थ डे, प्रशासन नियंत्रक ने विस्तार पूर्वक जांच के विषय, जांच की क्रमबद्ध प्रक्रिया एवं निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन तैयार करने के संबंध में सरल शब्दों में उपस्थित स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान स्टाफ सदस्यों के द्वारा कई प्रकार के संबंधित प्रश्न पूछे गये जिनका उत्तर प्रशिक्षक महोदय द्वारा सरल शब्दों में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद प्रकाश, सहायक अनुभाग अधिकारी द्वारा किया गया।

## डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा 14 अक्टूबर को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर–2/सी में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 54 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों सतर्कता, इमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर अपने विचारों को रंगों के माध्यम से रचनात्मकता के साथ सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बीएसएल के ज्ञानेश झा, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, शनि रंजन, सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) के साथ प्रवीण कुमार, प्राचार्य एवं सतर्कता विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे. विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों में नैतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया।

## दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव मिला

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बीते दो दिनों से निरसा अनुमंडल अंतर्गत मैथन ओपी क्षेत्र स्थित प्रोफेसर कोलोनी निवासी लापता मिथुन प्रसाद का बराकर नदी में छहलाते हुए शव पाये जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सुचना मिलते ही मैथन पुलिस मौके पर पहुंच शव को जब्त कर मैथन ओपी ले आयी। शव के ओपी पहुंचते ही आसपास के दर्जनों लोग पहुंच कर अफसोस जाहिर किए। वही मृतक मिथुन के भाई विजय प्रसाद का रो रो के बुरा हाल था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ रजत मणिक बाखला एवं निरसा इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद भी पहुंचे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के बडे भाई विजय प्रसाद ने बताया की रविवार की शाम भाई को उसके दो साथी प्रियस कुमार और गोलू यह कहकर ले गये की आसनसोल से कपड़ा खरीदने जा रहे है। शाम को भाई फोन किया की वह दस मिनट में लौट रहा है। मगर वह नहीं लौटा। काफी खोजबीन की मगर पता नहीं चला। प्रियश एवं गोलू सड़ पूछताछ करने पर पता चला की उनलोगों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। यह बात दोनों ने मैथन ओपी प्रभारी के समक्ष कबूल किया गया। आज सुबह भाई का शव बराकर नदी में छहलाता मिला है।

### धनबाद के तेतुलमारी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में जमशेदपुर का मोस्टवांटेड अपराधी घायल, गिरफ्तार




**भानु मांझी का अस्पताल में चल रहा इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/ धनबाद।** जमशेपुर के मोस्ट वांटेड अपराधी मांझी गिरोह का मुख्य सरगना भानु मांझी को पुलिस द्वारा एनकाउंटर में गोली मारी। एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन इस दौरान भानु मांझी ने पुलिस फायर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में भानु को गोली लगी। पुलिस ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। धनबाद के वरीय पुलिस कप्तान प्रभात कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। उन्होंने मीडिया में घटना की पुष्टि की। बताते चलें कि सोमवार को ही पुलिस ने भानु मांझी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। यह चारों सदस्य गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए शूटर का काम करते थे। गैंगस्टर प्रिंस खान व्यवसायियों से रंगदारी के लिए उनके ऊपर भानु मांझी गिरोह के सदस्यों से फायरिंग करवा रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि भानु मांझी धनबाद में छुपा हुआ है।

## धनबाद में गैंगस्टर प्रिंस खान के 12 गुर्गे गिरफ्तार

**हथियार, जिंदा गोली, देसी बम, नगद राशि, बाइक और मोबाइल फोन बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस ने गैंगस्टर प्रिस खान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उसके गिरोह से जुड़े 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हवाला के जरिये पैसे की लेनदेन करने वाले नौ अपराधियों को पुलिस ने पिछले दिनों 7 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इन्हीं अपराधियों से जुड़े 12 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये सभी गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह से जुड़े अपराधी हैं। ये प्रिंस खान के लिए बमबाजी, फायरिंग और रंगदारी वसूलने का काम करते थे। यही नहीं रंगदारी के तहत वसूले गये रुपये को सीएचपी और साइबर कैफे के माध्यम से विदेशी मुद्रा में बदल कर प्रिंस खान तक पहुंचाना, इनका काम था।




गिरफ्तार अपराधियों में सीएचपी और साइबर कैफे संचालक भी शामिल हैं। मामले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इनके पास से हथियार, जिंदा गोली, देसी बम, नगद राशि, बाइक और कई स्मार्ट फोन बरामद किये गये हैं।

एसएसपी प्रभात कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया प्रिंस खान और उसके गुर्गे सैफी उर्फ मेजर के द्वारा जिले और राज्य के व्यवसायियों और डाक्टरों से रंगदारी मांगी जा रही थी। रंगदारी नहीं देने पर परिवार के सदस्यों की हत्या करने की धमकी दी जा रही थी। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। इनके नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर रही थी। इस छापेमारी में कुल 12 अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है।

## खबर का असर : अस्थिकलश में रखी अस्थियों का विधिवत विसर्जन करायेगा जिला प्रशासन

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास स्थित गरगा श्मशान घाट पर वर्षों से अपनों के इंतजार में मोक्ष की बाट जोह रही अस्थियां को अब और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जिला प्रशासन ने 'अंतिम संस्कार सहायता योजना' के तहत इन अस्थियों को विधानपूर्वक प्रवाहित कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर जो अस्थियां बिना विसर्जन के अस्थि कलश में पड़ी हैं, उनका धार्मिक परंपरा के अनुसार विधि-विधान पूर्वक अस्थि प्रवाह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। दरअसल विगत 8 सितंबर को 'आजाद सिपाही' दैनिक अखबार में 'वर्षों से श्मशान घाट पर रखे दो दर्जन से ज्यादा अस्थि कलश..सुध लेने वाला कोई नहीं...' शीर्षक से एक एक्सक्लूसिव खबर छपी थी।


स्मार्ट सिटी — आजाद सिपाही 02

**वर्षों से श्मशान घाट पर रखे दो दर्जन से भी ज्यादा अस्थि कलश, सुध लेनेवाला कोई नहीं**

खबर चर्चा में आने के बाद जिला प्रशासन ने इसपर संज्ञान लिया था और संजीदगी दिखायी थी। इस मुद्दे पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने 13 अक्टूबर को जिला समाहरणालय में आयोजित एक समीक्षा बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, एलएस एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में ऐसे स्थलों की पहचान की जाये, जहां लावारिस या परित्यक्त अस्थियां पड़ी हुई हैं। ताकि, उन्हें सम्मानपूर्वक एकत्र कर निर्धारित स्थान पर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जित किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल प्रशासनिक कार्यवाही है, बल्कि यह मानवता और सामाजिक संवेदना से जुड़ा हुआ कदम है। उन्होंने संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि अस्थि प्रवाह कार्यक्रम के आयोजन के समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा धार्मिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये, ताकि यह कार्य श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हो।

## मां-बेटे को कैद करने के मामले में केस, जांच कर रही है पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 6 से एक ऐसी घटना सामने आयी है जो यह बताने को काफी है कि कैसे दरक रही है हमारी सामाजिक तानाबाना। दरअसल यह घटना सेक्टर 6 थाना क्षेत्र स्थित क्वार्टर संख्या 2517 से सामने आयी है, जहां 70 वर्षीया मां सीता देवी और उनके बेटे संतोष को 15 महीनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। पड़ोसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इससे यही समझा जा सकता है आधुनिकता वादी संस्कृति ने हमारे सामाजिक सरोकार को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। सोमवार को सेक्टर 6 थाना पुलिस ने थाना प्रभारी संगीता कुमारी के नेतृत्व में मां बेटे को मकान का ताला तोड़कर मुक्त कराया। ये दोनों मां बेटे चास के बंसीडीह के रहनेवाले बताये जा रहे है। सेक्टर 6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें फोन पर इसकी सूचना मिली तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए मां बेटे को मुक्त कराया है। साथ ही बताया कि प्रारंभिक जांच के पता चला है कि बेटे का उसकी पत्नी से कुछ विवाद चल रहा है जो न्यायलय में लंबित है। बंधक बनाने वाला आरोपी अशोक सिंह इन्हें



न्यायिक कार्य के मदद के लिए आर्थिक सहायता की थी। अशोक सिंह इनसे अपने पैसों की वापसी की मांग कर दबाव बनाते हुए उन्हें अपनी प्रॉपर्टी बेचकर कर कर्ज चुकाने को बोला। फिर इसी विवाद में अशोक सिंह इन्हें यहां लाकर बंधक बना दिया। बंधक बनाये गये मां बेटे को सिर्फ जिंदा रहने भर ही भोजन आरोपी द्वारा दी जाती थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की लिखित शिकायत पर आरोपी अशोक कुमार सिंह के खिलाफ सेक्टर 6 थाना में मामला दर्ज. कर लिया गया है। पुलिस आगे की छानबीन में जुट गयी है। बताते हैं कि भुक्तभोगी संतोष सिंह सीआइपी के मरीज है जिस वजह से उनकी मानसिक दशा बिगड़ी रहती है। इसी का लाभ उठाकर आरोपी उनकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करने के प्रयास में लगा था। बताते हैं कि आरोपी अशोक सिंह सेक्टर तीन का निवासी है। जिसे चीराचास थाना पुलिस किसी अन्य मामले में गत 12 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। लिहाजा उसका पक्ष नहीं मिल पाया है। अशोक सिंह के जेल जाने के बाद जब मां बेटे पर भोजन का संकट गहराया तो बाहर बालकनी में आकर लोगों से भोजन की मांग करने लगे और यह भांडा फूट गया। बहरहाल बोकारो स्टील के ऐसे खाली पड़े आवास के निगरानी का जिम्मा सुरक्षा विभाग के पास है। लेकिन इस खाली पड़े आवास पर अशोक सिंह का अवैध कैदखाना बन जाना और विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी जो सबसे चौंकाने वाली बात है। पीड़ित की लिखित शिकायत पर सेक्टर 3 निवासी आरोपी अशोक कुमार सिंह पर सेक्टर 6 थाना में केस संख्या 32/25, धारा 127 (7), 127(8), 140(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। 'पुलिस तहकीकात में जुटी है : थाना प्रभारी, संगीता कुमारी'

## पंजाबी मिलन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा स्थित पंजाबी मिलन में भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राज पलिवार, प्रमण्डलीय प्रभारी भारत यादव, पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर एवं सैंकड़ो की संख्या मे कार्यकर्तागण उपस्थित थे। आयोजित सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं ने आत्मनिर्भर होने की ओर विशेष जोर दिया वक्ताओं ने कहा कि हमें विदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल न करके स्वदेशी वस्तुओ का इस्तेमाल करना चाहिए ताकि हम विश्व गुरू बन सकें आत्मनिर्भर बन सकें। इसको लेकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जान से लगे हुए है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी के अथक प्रयास के कारण ही जो पीपी किट का इस्तेमाल किया गया वो भी स्वदेशी किट था। साथ ही जो टीका का इस्तेमाल किया गया वो भी स्वदेशी था। कार्यक्रम के अंतिम चरण में यह संकल्प लिया गया कि हम स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करेंगे और विदेशी वस्तुओं का वहिष्कार करेंगे

## सुदामडीह में रोपवे से लोहा काटते समय एक की मौत, दो घायल

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात सेल के रोपवे से लोहा काटने के दौरान बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना आउटसोर्सिंग पत्थर डंपिंग के पास हुई। जानकारी के अनुसार, तीन युवक रोपवे से लोहा काट रहे थे। इसी दौरान एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान पवन पासवान के रूप में हुई है। घायल और मृतक तीनों बनियाहीर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुदामडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। शव को नीचे उतारने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या:–
SPUF/MID/KODERMA/F2-11/2025-26

पत्रांक:– दिनांक:– 14.10.2025

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 25.10.2025 से 04.11.2025 तक (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 06.11.2025 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.11.2025, 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा। (2) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कोडरमा (3) जिला योजना पदाधिकारी, कार्यालय, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

| कमांक | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतगाँवा | ग्राम हदहदवा में सुरेश मुसहर के घर से रेवल मुसहर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। लगभग 450 फीट | 6,36,100.00 | 1250.00 | 12800.00 | 3 माह |

नोट:– निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

PR 364110 Minor Irrigation(25-26).D


## सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता पहल के तहत मानव श्रृंखला का आयोजन रीफ्रैक्टरीज एवं सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट के प्लांट प्लाजा रोड में आयोजित किया गया, जिसमें सुरक्षा संदेशों और नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं



अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (रीफ्रैक्टरीज) एन श्रीकंठ, आरएमपी विभाग के विभागाध्यक्ष महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग एवं रीफ्रैक्टरीज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे। सभी ने सुरक्षा तख्तियों के माध्यम से सड़क पर सतर्कता बरतने, यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित कार्य परिवेश सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्लांट के कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता लाना और सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करना था।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची**
**Email Id- sreeranchi@gmail.com**

भर्ती कैम्प – 16 अक्टूबर 2025 रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची** द्वारा **दिनांक 16.10.2025 को पूर्वाहन् 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प–2025** का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl.No | Name & Address of the Employers | Post | No of Vacancies | Qualification Essential | Qualification Desirable | Age | Salary | Experience | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Lals Hospital & Research Centre RANCHI. | Staff Nurse | 03 | GNM | _ | 18-30 Year | 13000/- | 1 Year | _ |
| | | Accountant | 01 | B.com | Tally, ERP | 21-30 Year | 20000/- | 1 Year | _ |
| 2. | Visron Security & Facility Services Pvt. Ltd. ARGORA BYPASS ROAD, RANCHI. | Security Guard | 100 | 10th pass | _ | 18-45 Year | 10000/- to 12000/- | No | Male / Female |
| | | Bouncer | 20 | 12th pass | _ | 21-45 Year | 13000/- to 15000/- | No | Only male |
| | | Arms Guard | 20 | 12th pass | _ | 21-45 Year | 17000/- to 18000/- | Gun License | Only Male |
| | | Accountant | 05 | B.com | _ | 25-45 Year | 10000/- to 12000/- | Yes | Only Female |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https:// jharniyojan.jharkhand.gov.in / www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

PR 364082 (Labour Employment and Traning)25-26*D

## गूगल के सीइओ सुंदर पिचाई ने पीएम मोदी से बात की

# भारत में 1.33 लाख करोड़ रुपये निवेश करेगी गूगल

- पहला एआइ हब आंध्र प्रदेश में बनायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गूगल के सीइओ सुंदर पिचाई ने मंगलवार (14 अक्टूबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। इस बातचीत के दौरान पिचाई ने पीएम मोदी को बताया कि उनकी कंपनी अगले पांच साल में भारत में 15 बिलियन डॉलर यानी लगभग 1.33 लाख करोड़ रुपये निवेश करेगी।

इस बात की जानकारी पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर दी। पिचाई ने पीएम मोदी से बातचीत में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में गूगल के पहले एआइ हब का प्लान भी शेयर किया। गूगल ने विशाखापट्टनम में एक बड़ा डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) बेस शुरू करने का ऐलान किया है, जो अमेरिका के बाहर उसका सबसे बड़ा एआइ हब होगा।



### एआइ इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और देशभर में विकास को गति देंगे

पिचाई ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह हब गीगावाट-स्केल की कंप्यूटिंग कैपेसिटी, एक नये इंटरनेशनल सबमरीन केबल गेटवे और लार्ज स्केल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम भारत में एंटरप्राइजेज और यूजर्स के लिए अपनी एडवांस टेक्नोलॉजी लायेंगे, एआइ इनोवेशन को बढ़ावा देंगे और देशभर में विकास को गति देंगे।'

### एआइ डेटा सेंटर कैंपस के लिए अडाणी ग्रुप से पार्टनरशिप की

गूगल ने इस एआइ डेटा सेंटर कैंपस के लिए अडाणी ग्रुप के साथ पार्टनरशिप की है। यह गूगल का भारत में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। कंपनी का कहना है कि यह पहल भारत सरकार के 'विकसित भारत 2047' विजन को सपोर्ट करेगी, जो एआइ-पावर्ड सर्विसेज को बढ़ाने का टारगेट रखता है। दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित एक प्रोग्राम में गूगल क्लाउड के सीइओ थॉमस कुरियन ने कहा कि 'विशाखापट्टनम का एआइ हब भारत के डिजिटल भविष्य में एक माइलस्टोन है। यह बड़े पैमाने पर एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर अवेलेबल करायेगा, जिससे कारोबार तेजी से इनोवेट कर सकेंगे और ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए नये अवसर बनेंगे।'

# अमेरिका लड़ना चाहता है, तो आखिर तक लड़ेंगे बात करनी है, तो धमकियां देना बंद करे : चीन

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 100% टैरिफ लगाने के फैसले का विरोध किया है। चीनी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि अगर अमेरिका लड़ना चाहता है, तो हम आखिर तक लड़ेंगे, अगर बातचीत करना चाहता है, तो धमकियां देना बंद करे। दरअसल चीन ने कई दुर्लभ खनिजों को लेकर नये नियम जारी किए हैं। इन नियमों के तहत कोई भी कंपनी चीन से रेयर खनिज खरीदकर बाहर बेचना चाहती, तो पहले चीनी सरकार से लाइसेंस लेना पड़ेगा।

ट्रंप ने इस फैसले को दुश्मनी वाला बताया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर चीन पीछे नहीं हटा, तो अमेरिका तीन अंकों (100% से ज्यादा) का नया



टैरिफ लगायेगा। इस पर चीन का कहना है कि अमेरिका ने पहले उसकी कंपनियों पर ढेर सारी पाबंदियां लगाईं, जिसके जवाब में उसे ये कदम उठाना पड़ा।

### अमेरिका ने बातचीत का माहौल खराब किया

चीनी सरकार ने कहा कि अमेरिका ने चीनी जहाजों पर टैरिफ लगाने की योजना बनाकर बातचीत का माहौल खराब किया। ये मई जैसी स्थिति है, जब ट्रंप ने चीनी कंपनी हुवावे पर प्रतिबंध लगाए, चिप्स सॉफ्टवेयर रोके और चीनी छात्रों के वीजा पर धमकी दी थी। हालांकि चीन ने यह भी कहा कि पूरी तरह बैन नहीं लगाया गया है, बल्कि अब रेयर खनिज के लिए लाइसेंस चाहिए। एक्सपर्ट का कहना है कि चीन अमेरिका जैसे नियम अपना रहा है।

### रद्द हो सकती है जिनपिंग और ट्रंप की मुलाकात


मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई जा रही है कि अगर ये तनाव कम नहीं हुआ तो इस महीने के आखिर में दक्षिण कोरिया में होने वाली जिनपिंग और ट्रंप की मुलाकात रद्द हो सकती है।

हालांकि अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि मुलाकात होगी। दूसरी दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तनातनी से ग्लोबल मार्केट में अनिश्चिता का माहौल बन गया है। व्यापारियों को डर है कि अगर ये विवाद आगे बढ़ा तो ट्रेड वॉर के जैसे हालात बन सकते हैं।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर, 12 घंटे चली मुठभेड़ में मार गिराया

**कुपवाड़ा (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है। इससे पहले 8 सितंबर को सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया था। गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सेना ने इसे 'ऑपरेशन गुड्डर' नाम दिया था। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हुए थे। ऑपरेशन गुड्डर में मारे गये एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के तौर पर हुई थी। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था।

## पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से हमें सीख लेने की जरूरत : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि इतिहास में 15 अक्टूबर का दिन भारत के मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रम को फौलादी और अभेद बनाने वाले पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन के तौर पर दर्ज है। बेहद सहज और सरल व्यक्तित्व वाले मृदुभाषी कलाम की रहनुमाई में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सबसे घातक और मारक हथियार प्रणालियों का देश में ही विकास किया। 15 अक्टूबर 1931 को जन्मे कलाम देश के युवाओं को देश की सच्ची पूंजी मानते थे और बच्चों को हमेशा बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते थे। हमें उनकी जीवन के आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है।

# राजस्थान में चलती बस में लगी भीषण आग 14 से 16 लोगों के जिंदा जलने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग की चपेट में आ गई। हादसे में तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत करीब 16 यात्री झुलस गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को जोधपुर रेफर किया गया है। इस हादसे में प्रथम दृष्टया करीब 14 से 16 लोगों के जिंदा जलने की आशंका है।

जानकारी के मुताबिक यह घटना मंगलवार को अपराह्न 3:30 बजे जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर थईयात गांव के पास हुई। बस में कुल 57 यात्री सवार थे। बस रोजाना की तरह दोपहर 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किमी चलने के बाद अचानक बस के पिछले हिस्से से धुआं उठने लगा। इससे पहले कि चालक या यात्री कुछ समझ पाते, आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।



**खिड़कियां तोड़ कर यात्रियों ने बचाई जान, ग्रामीणों ने की मदद :** आग लगते ही बस में चीख-पुकार मच गयी और यात्री जान बचाने के लिए खिड़कियां तोड़ कर बाहर कूदने लगे। कई यात्रियों के कपड़े और सामान जल गये। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। दमकल विभाग और पुलिस को भी सूचना दी गयी। जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर बस हादसे की वजह सामने आ गयी है। निजी बस में पटाखों का परिवहन किए जाने से बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। उसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे लगभग 10-12 यात्री काल का ग्रास बन गये। दमकल की गाड़ियां कुछ ही देर में मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि बस के इंजन या वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लगी हो सकती है। जैसलमेर हादसे पर सीएम भजनलाल ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कलेक्टर एसपी से फोन पर बात करके पीड़ितों को हर संभव मदद के निर्देश दिये हैं।



















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**